हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

आमिना का लाल आया....आमिना का लाल.....

BCN GROUP

दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार की और से आप सभी को जिसने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर दिली मुबारकबाद

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, शुक्रवार, 5 सितंबर 2025 | अंक 322/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-





## शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या आप जोडे के दर्द से परेशान हो ?

• जोडों का दर्द • गठियावात • सन्धिशोथ • सरवाइकल पेन पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार


## लोगों के घर का बजट बिगड़ा था; दिवाली-छठ पूजा से पहले खुशियां डबल कीं

# मोदी बोले-कांग्रेस बच्चों की टॉफी पर भी टैक्स लेती थी

**नई दिल्ली.**

पीएम मोदी ने टीचर्स डे से एक दिन पहले गुरुवार को दिल्ली में राष्ट्रीय पुरस्कार पाने वाले 45 शिक्षकों से मुलाकात की। मोदी ने करीब 35 मिनट तक संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने जीएसटी में सुधार, ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े कानून और आत्मनिर्भर भारत पर चर्चा की। मोदी ने कहा हमने आजादी के बाद का अब तक का सबसे बड़ा फैसला लिया है। कांग्रेस बच्चों की टॉफी पर भी टैक्स लेती थी। लोगों के घर का बजट बिगड़ा हुआ था। समय पर बदलाव के बिना, हम अपने देश को आज की वैश्विक स्थिति में उसका उचित स्थान नहीं दिला सकते। मैंने इस बार 15 अगस्त को लाल किले से कहा था कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अगली पीढ़ी के सुधार करना बेहद जरूरी है। मैंने देशवासियों से यह वादा भी किया था कि इस दिवाली और छठ पूजा से पहले खुशियों का डबल धमाका होगा।

❍ ऑनलाइन गेमिंग पर- ये नशे की तरह, जिसकी लत लग जाती: एक तरफ हमारी सरकार इनोवेशन पर युवाओं को डिजिटल इंपावर के लिए काम कर रही है। दूसरी तरफ डिजिटल दुनिया के दुष्प्रभाव से भी बचाना होगा। संसद सत्र में हमने ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ा एक कानून बनाया है। गेमिंग एंड गैम्बलिंग, दुर्भाग्य से कह सकते हैं कि खेल जुआं बन जाता है। ऑनलाइन गेमिंग से युवा प्रभावित हो रहे थे। आर्थिक नुकसान हो रहा था, परिवार बर्बाद हो रहे थे। आत्महत्या की घटनाएं सामने आ रहीं थीं। ये बीमारी नशे की तरह है जिसकी लत लग जाती है। ये एक चिंता का विषय था। कानून अपनी जगह है लेकिन बच्चों को जागरूक करना होगा। गेमिंग बुरा नहीं है गैंबलिंग बुरा है।

❍ हम चाहते हैं गेमिंग सेक्टर में युवा आगे आएं और मार्केट पर कब्जा करें। टीचर्स पर- मां जन्म देती है गुरु जीवन देता है: हमारे यहां शिक्षक के प्रति एक स्वाभाविक सम्मान होता है। शिक्षकों को समझाने के लिए खड़ा होना एक बहुत बड़ा पाप है। मैं ऐसा पाप नहीं करना चाहता हूं बस आपसे संवाद करूंगा। राष्ट्रीय पुरस्कार पाना अपने आप में कोई अंत नहीं है, इसका मतलब है आपकी रीच बहुत बढ़ गई होगी। मैं मानता हूं कि शुरुआत यहीं से है। ये साधना का प्रमाण है। एक शिक्षक सिर्फ वर्तमान नहीं होता बल्कि देश की भावी पीढ़ी को गढ़ता है वो भविष्य को निखारता है। यह भी देश सेवा की श्रेणी में आता है। आज करोड़ों टीचर्स आपकी तरह निष्ठा से देश सेवा में जुटे हैं। मां जन्म देती है गुरु जीवन देता है। आज विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य में यह परंपरा एक ताकत है। मोदी बोले- जीएसटी सुधार के बाद विकास को बूस्टर डोज मिलेगी, मोदी ने कहा कि जीएसटी में अगली पीढ़ी से जुड़े जरूरी सुधार किए गए हैं।

जीएसटी सुधारों के माध्यम से भारत की जीवंत अर्थव्यवस्था में पांच नए रत्न (पंच रत्न) जुड़ गए हैं। जीएसटी सुधारों के बाद भारतीयों के जीवन स्तर में सुधार होगा, उपभोग और विकास को एक नई बूस्टर डोज मिलेगी।

जीएसटी और भी सरल हो गया है, 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की नई दरें नवरात्रि के पहले दिन से प्रभावी होंगी। मोदी बोले- जीएसटी आजाद भारत का सबसे बड़ा आर्थिक सुधार, पीएम मोदी ने कहा, जीएसटी आजाद भारत के सबसे बड़े आर्थिक सुधारों में से एक था। इससे एक तरफ देश के आम लोगों का पैसा बच रहा है तो दूसरी तरफ देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। आठ साल पहले जब जीएसटी लागू हुआ था, तो कई दशकों का सपना साकार हुआ था। यह चर्चा मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद शुरू नहीं हुई। ये चर्चाएँ पहले भी होती थीं, लेकिन कभी कोई काम नहीं हुआ।

### आत्मनिर्भर भारत पर- दूसरों पर निर्भरता आगे नहीं बढ़ा सकती

भारत के लिए आत्मनिर्भरता कोई नारा नहीं है। इसके लिए ठोस प्रयास हो रहे हैं। आप इस विचार का बीजारोपण स्टूडेंट के दिमाग में करते रहे। बच्चा आपकी बात मानता है, उन्हें बता सकते हैं कि दूसरे के निर्भर रहने से देश आगे नहीं बढ़ सकता। मैं चाहता हूं कि असेंबली में भी इसका जिक्र करें। हमें कभी नहीं पता चलता कि हमारे घर में विदेशी चीजें कैसे घुस गईं। बच्चे परिवार में बैठकर एक लिस्ट बनाएं कि दिनभर में कितनी विदेशी चीजें इस्तेमाल कर रहे हैं। जब उन्हें पता चलेगा तो वे इस पर सोचेंगे। उन्हें इसके लिए जागरूक करने का काम शिक्षक ही कर सकते हैं। देश की आवश्यकता के साथ खुद को जोड़ना चाहिए।





### > जीएसटी पर- दिवाली से पहले खुशियों का डबल धमाका

देश में निरंतर रिफॉर्म होते रहने चाहिए। जहां तक सरकार का कमिटमेंट है हम पूरी तरह कमिटेड है। हमारा मानना है कि समय के हिसाब से आगे नहीं चले तो देश को उसका हक नहीं दिला सकते। मैंने लाल किले से कहा था भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नेक्स्ट जनरेशन रिफॉर्म करना बहुत जरूरी है। मैंने देशवासियों से वादा किया था कि इस दिवाली और छठ पूजा से पहले खुशियों का डबल धमाका होगा। कल भारत सरकार ने राज्यों के साथ मिलकर निर्णय लिया। जीएसटी पहले से ज्यादा सरल हो गया है। अब दो ही रेट बचे हैं। यह नवरात्र के पहले दिन से 22 सितंबर से लागू होगा। नवरात्रि से ही देश के करोड़ों परिवारों की जरूरतें और सस्ती हो जाएंगी। धनतेरस की रौनक बढ़ जाएगी।

# पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों का केजरीवाल ने किया दौरा



**चंडीगढ़.** पंजाब भीषण बाढ़ की चपेट में है. इस बीच 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया. इसके बाद उन्होंने कहा कि लोगों के दुख-दर्द को करीब से महसूस किया, पीड़ित परिवारों से मुलाक़ात की और राहत सामग्री भी वितरित की. अरविंद केजरीवाल ने कहा, ''इस कठिन समय में पंजाब सरकार हर परिवार के साथ मज़बूती से खड़ी है. हर ज़रूरतमंद तक मदद पहुंचाई जा रही है.'' उनके साथ पंजाब में आप के अध्यक्ष अमन अरोड़ा भी मौजूद थे. उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग अकेले नहीं हैं, पूरा देश उनके साथ है. हमें पूरा विश्वास है कि हम सब मिलकर इस आपदा से जल्द बाहर निकलेंगे.

अरविंद केजरीवाल ने कहा, ''1988 के बाद 37 साल में पहली बार पंजाब इतनी भयंकर बाढ़ से जूझ रहा है. लेकिन हमारी सरकार, मंत्री, विधायक, अधिकारी और हमारे वॉलंटियर्स दिन-रात लोगों की मदद करने और राहत कार्यों में लगे हुए हैं.'' उन्होंने कहा, ''जो लोग गांव छोड़ने से इंकार कर रहे हैं उनके पास उनके घर तक मदद पहुँचाई जा रही है. राहत शिविरों में रहने आए लोगों के लिए वहाँ पर्याप्त इंतज़ाम किए गए हैं. हर गांव के लिए एक गज़ेटेड अधिकारी नियुक्त है ताकि लोगों को मदद के लिए भटकना न पड़े. संकट बड़ा है, पर उससे भी बड़ा है पंजाबियों का जज़्बा और एक-दूसरे की मदद करने की भावना. यही Spirit हमें जल्द इस आपदा से बाहर निकालेगी.'' केजरीवाल ने कपूरथला जिले के सुल्तानपुर लोधी में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया. वो बुधवार शाम पंजाब पहुंचे थे. पंजाब इस समय दशकों की सबसे भीषण बाढ़ आपदाओं में से एक का सामना कर रहा है. यह बाढ़ हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भारी वर्षा के कारण सतलुज, ब्यास और रावी नदियों के साथ-साथ मौसमी छोटी नदियों के उफान पर बहने के कारण आए हैं.

# बंगाल विधानसभा- भाजपा चीफ-व्हिप को मार्शलों ने घसीटकर निकाला

## > बेहोश हुए; 5 विधायक सस्पेंड, ममता ने सदन में मोदी चोर-वोट चोर के नारे लगाए



**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल विधानसभा में गुरुवार को बंगाली प्रवासियों पर हो रहे अत्याचारों पर चर्चा के दौरान जमकर हंगामा हुआ। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी प्रस्ताव पर बोल रहीं थीं। तभी विपक्ष (भाजपा) ने नारेबाजी शुरू कर दी। भाजपा विधायक 2 सितंबर को विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के निलंबन का विरोध कर रहे थे।

टीएमसी विधायकों ने इन्हें रोकने की कोशिश की। जब विपक्ष के विधायक वेल तक पहुंच गए तो स्पीकर बिमान बनर्जी ने अव्यवस्था फैलाने के आरोप में भाजपा के चीफ व्हिप शंकर घोष को विधानसभा से सस्पेंड कर दिया।

घोष के बाहर जाने से इनकार करने पर मार्शलों को बुलाया गया। शंकर घोष को घसीटकर सदन से बाहर निकाला गया। बाहर निकालते समय वो गिरकर बेहोश हो गए, उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। घोष के अलावा चार अन्य भाजपा विधायक अग्निमित्र पॉल, मिहिर गोस्वामी, बंकिम घोष और अशोक डिंडा को भी सदन से निलंबित कर दिया गया है।

वहीं, स्पीच के दौरान सीएम ममता बनर्जी ने मोदी चोर और वोट चोर के नारे लगाए। पश्चिम बंगाल विधानसभा का तीन दिन का विशेष सत्र 1 सितंबर को शुरू हुआ था। 3 सितंबर को करम पूजा के कारण राजकीय छुट्टी थी। आज सत्र का आखिरी दिन है।

# मराठा आरक्षण पर प्रकाश आंबेडकर का बयान

## > ओबीसी में से नहीं, अलग से दिया जाए रिर्जवेशन'



**मुंबई.**

मराठा आरक्षण पर महाराष्ट्र सरकार के फैसले के बाद राज्य में ओबीसी की राजनीति हो गई है. इस बीच वंचित बहुजन अघाड़ी के अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि ओबीसी को अपने अधिकार के लिए लड़ना चाहिए. कोई नेता आता है या नहीं आता है, उसकी परवाह न करते हुए रास्ते पर उतरकर अपने अधिकार के लिए लड़ना चाहिए, नहीं तो उनको जो अधिकार मिले हुए हैं शायद वो खो जाएंगे, ऐसी परिस्थिति है. मराठा आरक्षण पर उन्होंने कहा, "महाराष्ट्र में बीजेपी की सरकार है. मराठा नेताओं को गुमराह कर दिया. उनसे झूठ कहा. झूठ का बोलबाला इतने बड़े पैमाने पर उन्होंने फैला दिया कि लोगों को लग रहा है कि उनको आरक्षण मिल गया. लेकिन बॉम्बे हाई कोर्ट का एक फैसला है कि सब मराठाओं को कुनबी मानना गलत है, ये हो नहीं सकता." प्रकाश आंबेडर ने कहा कि जो सरकारी आदेश निकला है वो कहता है कि सभी मराठा कुनबी हैं. ऐसे में ये सरकारी आदेश इस जजमेंट के खिलाफ है. इसको सुप्रीम कोर्ट ने भी मान्य किया था. अब बीजेपी झूठ बोल रही है और लोगों को गुमराह कर रही है.

ऐसे में ओबीसी को अपना आंदोलन जारी रखना चाहिए. वंचित बहुजन अघाड़ी की भूमिका रही है कि मराठों को ओबीसी के आरक्षण में से कोटा आप नहीं द सकते हो. ओबीसी का आरक्षण, ओबीसी के पास रहना चाहिए और मराठों को अलग से आरक्षण देना चाहिए. बता दें कि मनोज जरांगे ने सरकार द्वारा उनकी ज़्यादातर मांगें मान लिए जाने के बाद 2 सितंबर को मराठा आरक्षण के मुद्दे पर पांच दिनों की अपनी भूख हड़ताल वापस ले ली. सरकार ने पात्र मराठों को कुनबी (ओबीसी) जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए एक सरकारी आदेश भी जारी किया. इस फैसले के बाद महाराष्ट्र सरकार के मंत्री और एनसीपी नेता छगन भुजबल बुधवार को कैबिनेट की एक बैठक में शामिल नहीं हुए और बाद में उन्होंने आरक्षण के लिए पात्र मराठों को कुनबी का दर्जा देने के सरकारी आदेश पर अपनी नाराजगी जाहिर की. उन्होंने संकेत दिया कि वह इसे कानूनी रूप से चुनौती देंगे.

# 'यूक्रेन जंग खत्म करने में भारत को निभानी है अहम भूमिका'



**नई दिल्ली.** यूरोपीय यूनियन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की. इस दौरान दोनों नेताओं ने प्रस्तावित भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई. उर्सुला वॉन ने कहा कि यूक्रेन जंग को समाप्त करने में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है.

उर्सुला वॉन ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, "हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करके खुशी हुई. हम यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ भारत के जुड़ाव का हार्दिक स्वागत करते हैं." उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रूस के आक्रमक युद्ध को समाप्त करने और शांति स्थापित करने में भारत की भूमिका बहुत जरूरी है.

उन्होंने इस जंग को वैश्विक चिंता बताते हुए कहा कि इससे आर्थिक स्थिरता को नुकसान पहुंचेगा इसलिए यह पूरी दुनिया के लिए जोखिम भरा है. प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि उन्होंने व्यापार, टेक्नोलॉजी, निवेश, इनोवेशन, डिफेंस, सिक्योरिटी और सप्लाई चैन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति का स्वागत किया.

दोनों नेताओं ने व्यापार समझौते के लिए वार्ता को जल्द पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई. पीएम मोदी ने ईयू के शीर्ष नेता एंटोनियो कोस्टा से भी बात की और अगले भारत-यूरोपीय यूनियन शिखर सम्मेलन के जल्द से जल्द भारत में आयोजन पर चर्चा की. प्रधानमंत्री ने दोनों नेताओं को इसके लिए भारत आमंत्रित किया. भारत 8 सितंबर को नई दिल्ली में यूरोपीय यूनियन के साथ एफटीए वार्ता का 13वां दौर शुरू करेगा. इससे पहले इस साल के शुरू में ब्रुसेल्स में यह वार्ता हुई थी. दोनों पक्षों ने आठ साल के अंतराल के बाद जून 2022 में फिर से बातचीत शुरू की थी. बाजार में पहुंच को लेकर मतभेदों के कारण 2013 में यह प्रक्रिया रुक गई थी.


महर्षी कर्वे स्त्री शिक्षण संस्था, पुणे

## CUMMINS COLLEGE OF ENGINEERING FOR WOMEN NAGPUR

The only Industry supported institute for Women in Vidarbha

NAAC A+

## शिक्षक दिनाच्या शुभेच्छा

### Admission Notification 2025-26

| B.Tech 1st Year | | Direct Second Year | |
|---|---|---|---|
| Sale & Submission of Application from | 06-09-2025 to 08-09-2025 | Sale & Submission of Application from | 06-09-2025 to 08-09-2025 |
| Display of Provisional Merit List | 09-09-2025 (Upto 11:00 AM) | Display of Provisional Merit List | 09-09-2025 (Upto 11:00 AM) |
| Submission of Grievance if any | 09-09-2025 (Upto 2:00 PM) | Submission of Grievance if any | 09-09-2025 (Upto 2:00 PM) |
| Display of Final Merit List | 09-09-2025 (5:00 PM) | Display of Final Merit List | 09-09-2025 (5:00 PM) |
| Reporting to Institute for Admission | 10-09-2025 to 13-09-2025 | Reporting to Institute for Admission | 10-09-2025 to 15-09-2025 |

Safe and secure campus
On campus Hostel and mess facility
Quality & Core Engineering placements
Internship opportunities
Bus facility for all years
Strong Industry institute interaction
Industry funded laboratories
Quality Teaching through Activity Based Learning
NAAC ACCREDITED A+

Proud Placements in core Engineering companies

*Highest Package 24.73 LPA*

*Average Package 7.51 LPA*

PROGRAMMES @ CCOEW, NAGPUR : THE MOST PREFFERED ENGINEERING BRANCHES

Mechanical Engineering (Option Code : 0430461250F) | Electronics & Tele Communication Engineering (Option Code : 0430437250F) | Computer Engineering (Option Code : 0430424550F)

Cummins College of Engineering for Women, Nagpur, Mouje Sukli (Gupchup), Tah : Hingna, Dist: Nagpur-441110

Email id: office@cumminscollege.edu.in | Website: https://www.cumminscollege.edu.in @ccoewnagpur

Call today - 9420410225 | 8055935567 DTE Code 4304

# पत्नी का सिर धड़ से अलग किया



**भिवंडी.** राज्य के भिवंडी तालुका से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां की भोईवाड़ा पुलिस ने एक शख्स को अपनी पत्नी के हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है. मामले में आरोपी ने आरोपी ने पत्नी की हत्या कर शव के टुकड़े कर अलग-अलग फेंक दिए, जिसके बाद दलदल के पास महिला का सिर मिलने पर आरोपी का कांड सामने आया. आरोपी की पहचान मोहम्मद ताहा उर्फ सोनू इम्तियाज अंसारी के नाम से हुई है, उसकी उम्र 25 साल बताई जा रही है. जबकि इसके मृतका पत्नी की पहचान परवीन उर्फ मुस्कान मोहम्मद ताहा के नाम से हुई है. उसकी उम्र 22 बताई जा रही है. इस घटना के सामने आने के बाद पुलिस ने सोमवार को आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है.मामला भिवंडी के ईदगाह झुग्गी-झोपड़ी इलाके के पास का है, जहां 30 अगस्त को एक दलदली जमीन पर एक महिला का कटा हुआ रिस मिला. बाद में मृतक की पहचान परवीन उर्फ मुस्कान मोहम्मद ताहा के रूप में हुई. मुस्कान और ताहा दोनों नवी वस्ती इलाके के रहने वाले थे और दो साल पहले सोशल मीडिया के जरिए मिले थे. उनकी दोस्ती जल्द ही प्यार में बदल गई, और उन्होंने शादी कर ली. उनका एक साल का एक बेटा भी है. पुलिस ने बताया कि स्थिति तब और खराब हो गई जब मुस्कान ने परिवार से अलग रहने की जिद की और 28 अगस्त को एक झगड़े के बाद घर छोड़ दिया. 29 अगस्त को हुए एक और झगड़े के बाद, गुस्से में आकर ताहा ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी. सबूत मिटाने के लिए उसने अपनी पत्नी का सिर धड़ से अलग कर दिया और शरीर को दो टुकड़ों में काट दिया.

# प्राइवेट सेक्टर में अब 10 घंटे की शिफ्ट

**मुंबई.** राज्य सरकार की कैबिनेट ने प्राइवेट संस्थानों में डेली वर्किंग आवर को नौ से बढ़ाकर 10 घंटे करने के लिए कानून में संशोधन को मंजूरी दी. अधिकारियों ने बुधवार को इसकी जानकारी दी. अभी महाराष्ट्र में प्राइवेट सेक्टर में एक दिन की शिफ्ट के लिए नौ घंटे निर्धारित हैं. एक आधिकारिक आदेश में कहा गया कि इस फैसले के पीछे का उद्देश्य निवेश आकर्षित करना, रोजगार पैदा करना और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करना है. बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक की अध्यक्षता राज्य के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने की. ये बदलाव 20 या इससे अधिक वर्कर्स वाले प्रतिष्ठानों पर लागू होंगे.महाराष्ट्र से पहले कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा में ये लागू हो चुका है. अब महाराष्ट्र के फैक्ट्रीज एक्ट 1948 और महाराष्ट्र शॉप्स एंड एस्टेब्लिशमेंट (रेगुलेशन ऑफ एंप्लॉयमेंट एंड कंडीशन ऑफ सर्विस) एक्ट 2017 में संसोधन किया जाएगा. वर्कर्स की अनिवार्य लिखित सहमति के साथ कानूनी रूप से ओवरटाइम की सीमा प्रति तिमाही 115 घंटे से बढ़कर 144 घंटे हो जाएगी. वीकली आवर्स में भी इजाफा होगा जो 10.5 घंटे से बढ़कर 12 घंटे हो जाएगी.

# संजय राउत का भुजबल को कड़ा संदेश

## राउत बोले 'इस्तीफा दें'



**मुंबई.** राज्य के मंत्री और प्रमुख ओबीसी नेता छगन भुजबल मराठा आरक्षण को लेकर देवेंद्र फडणवीस सरकार के फैसले से नाराज हैं. डिप्टी सीएम अजित पवार की एनसीपी के नेता भुजबल नाराजगी के बीच कैबिनेट की बैठक में शामिल नहीं हुए. अब इसको लेकर शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने तंज कसा है. उन्होंने गुरुवार को कहा, 'मराठा समाज का आंदोलन मुंबई में चल रहा था. उनकी सभी मांगें महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने पूरी की है. इससे खुश होकर मनोज जरांगे पाटील अपने-अपने घर चले गए. दावा है कि ओबीसी के आरक्षण को इससे धक्का नहीं लगेगा. ये कहने के बाद भी अगर कैबिनेट में कोई नाराज है. छगन भुजबल आरक्षण के लिए पात्र मराठों को कुनबी का दर्जा देने संबंधी सरकारी आदेश से नाराज हैं. मराठा आरक्षण आंदोलन के कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मंगलवार को कुनबी (ओबीसी) जाति प्रमाण पत्र जारी करने के सरकारी प्रस्ताव (जीआर) के बाद अपने समुदाय के सदस्यों को आरक्षण का लाभ मिलने की बात कही है.

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता छगन भुजबल ने बुधवार की शाम को कहा कि वह जीआर के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे. उन्होंने कहा, "ओबीसी नेताओं को जीआर पर संदेह है. कि जरांगे के आंदोलन के बाद कौन जीता. हम इस बारे में कानूनी राय ले रहे हैं कि क्या सरकार लोगों की जाति बदलने के लिए अधिकृत है.

उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने कहा, खासकर छगन भुजबल नाराज हैं. वही कैबिनेट की बैठक का बहिष्कार कर रहे हैं. बहिष्कार करने से अच्छा है कि इस्तीफा दें. आप इसके बाद ओबीसी समाज को बताइए कि मराठा समाज को आरक्षण देने के बाद ओबीसी समाज पर अन्याय होगा. क्या हुआ है और क्या नहीं हुआ है, ये देखने के लिए एक महीने इंतजार करना होगा.

## आज का राशिफल

**मेष**-नई शुरुआत का दिन है, आत्मविश्वास बढ़ेगा। आर्थिक लाभ के योग हैं, पर खर्चों पर नियंत्रण रखें। प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**वृषभ**- घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। धन निवेश से पहले सोच-विचार करें। सेहत को लेकर थोड़ी सावधानी रखें।

**मिथुन**- मन में थोड़ी उलझन हो सकती है। पुराने दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। व्यापार में नया अवसर मिल सकता है। डाइजेशन से जुड़ी समस्या हो सकती है।

**कर्क** - भावनात्मक फैसले लेने से बचें। करियर में स्थिरता आएगी। पार्टनर से सहयोग मिलेगा। नींद की कमी महसूस हो सकती है।

**सिंह**- नई जिम्मेदारियाँ मिल सकती हैं। सम्मान और यश में वृद्धि होगी। खर्च बढ़ सकते हैं, बजट बनाएं। थकान हो सकती है, आराम करें।

**कन्या** - विद्यार्थियों के लिए शुभ समय है। पार्टनर के साथ समय बिताएं। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। मानसिक तनाव से बचने की सलाह।

**तुला**- प्रोफेशनल लाइफ में तरक्की के संकेत। सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। प्रेम जीवन में कुछ असमंजस हो सकता है। सेहत सामान्य रहेगी।

**वृश्चिक**- मनचाही सफलता मिलने की संभावना। किसी पुराने काम से लाभ होगा। पारिवारिक मतभेद दूर होंगे। सेहत को लेकर लापरवाही न करें।

**धनु**- दूर की यात्रा संभव है, लाभदायक रहेगी। नए प्रोजेक्ट में सफलता के योग हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। जोड़ों में दर्द रह सकता है।

**मकर**- व्यापार में लाभ के संकेत हैं। परिवार का समर्थन मिलेगा। अहम फैसले लेने में सावधानी रखें। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कुम्भ**- रचनात्मक कामों में रुचि बढ़ेगी। दोस्तों से सहयोग मिलेगा। पार्टनर के साथ गलतफहमी हो सकती है। नींद पूरी लें।

**मीन**- धार्मिक कार्यों में मन लगेगा। आर्थिक दृष्टि से दिन अनुकूल है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में राहत मिलेगी। शरीर में आलस्य रह सकता है।

# आंदोलन के बाद जरांगे का सशक्त संदेश



**मुंबई.** हाल ही में 5 दिन तक मराठा आरक्षण की मांग करने वाले आंदोलनकारी मनोज जरांगे ने बड़ा बयान दे दिया है. जरांगे ने एक बार फिर सरकार को साफ चेतावनी दी है कि अगर आरक्षण के मुद्दे पर मराठा समुदाय से विश्वासघात हुआ, तो सत्तारूढ़ दलों को चुनावों में कड़ी हार का सामना करना पड़ेगा. उन्होंने कहा कि हर हाल में मराठा समाज को अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में शामिल कराया जाएगा. यह बयान उन्होंने भूख हड़ताल के बाद अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान पत्रकारों से बातचीत में दिया. जरांगे ने पांच दिन की भूख हड़ताल के बाद आंदोलन वापस लिया था, जब महाराष्ट्र सरकार ने मराठा समाज को उनकी "कुनबी" पहचान का ऐतिहासिक प्रमाण प्रस्तुत करने पर कुनबी जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए समिति बनाने की घोषणा की. चूंकि कुनबी को ओबीसी वर्ग में रखा गया है, इस फैसले को मराठा समुदाय के लिए राहत के रूप में देखा गया. मनोज जरांगे ने स्पष्ट किया कि अगर हैदराबाद और सातारा के राजपत्र एक महीने में लागू नहीं किए गए, तो वे सत्ताधारी दलों को आगामी चुनावों में धूल चटा देंगे.

# 170 पुलिसकर्मियों की बिगड़ी तबीयत

**सोलापुर.** राज्य में सोलापुर शहर के पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में फूड प्वाइजनिंग की चौंकाने वाली घटना सामने आई है. प्रशिक्षण केंद्र के करीब 170 ट्रेनी पुलिसकर्मियों के विषाक्त होने की प्राथमिक जानकारी मिली है. प्राथमिक जांच में यह आशंका जताई गई है कि यह प्वाइजनिंग सेंटर में बने खाने से हुई है. सभी प्रभावित ट्रेनी पुलिसकर्मियों को तुरंत सोलापुर के सरकारी सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है और फिलहाल उनका इलाज जारी है. इनमें से लगभग 15 लोगों को सलाइन चढ़ाकर अलग वार्ड में उपचार दिया जा रहा है. सोलापुर के पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में इस समय करीब 1350 प्रशिक्षु पुलिसकर्मी प्रशिक्षण ले रहे हैं. मंगलवार शाम के सेशन में अचानक प्रशिक्षुओं को उल्टी, दस्त और मिचली की शिकायत होने लगी.


रा.मा.क्र./एल.एन.डी.३१/२०२४-२५
मौजा - लाडाई माल, प.ह.नं. २१,
दिनांक ०६/०३/२०२५

**-: जाहीरनामा :-**

नमूणा अ
(नियम ३ पहा)
महाराष्ट्र जमीन महसूल (जनजातीचे व्यक्तीकडे हस्तांतरीत करणे)

ज्याअर्थी मा. जिल्हाधिकारी, नागपूर सोबत जोडलेल्या अनुसूचिमध्ये नमूद केलेल्या व श्री. महादेव धनिसंग श्रीरामे व इतर, रा. लाडाई (माल) ता. कळमेश्वर जि. नागपूर यांच्या मालकिच्या जमिनीच्या भोगाधिकार विक्रीव्दारे / गहाणव्दारे इ. घेण्यासाठी अर्ज सादर केलेला आहे.
अर्जदाराने उक्त जमीनीच्या बाबतीत मोबदल्याच्या एकूण जमीनीचे रु. ६,५०,०००/- एवढी रक्कम श्री. वासुदेव परतेती, रा. पिल्कापार धनेगाव, जि. छिंदवाडा मध्य प्रदेश राहणारी एखादी व्यक्ती / मालकांकडून भोगाधिकारी स्विकारण्यास तयार असेल तर कलम ३६-अ पोटकलम (१) च्या परंतूकाच्या उपलब्धान्वये तिला अग्रक्रम घ्यावयाचे आहे.
त्याअर्थी आता ज्या जनजातीय व्यक्ती लाडाई माल गावाच्या रहिवासी आहेत अथवा त्यापासून ५ कि.मी चे परीसरात राहत आहे आणि ज्यांची श्री. महादेव धनिसंग श्रीरामे व इतर, रा. लाडाई माल ता. कळमेश्वर जि. नागपूर यांच्याकडून विक्रीव्दारे / गहाणाव्दारे भोगाधिकार स्विकारण्याची आणि भाडे पट्टयाने त्यासाठी मोबदल्याचा रुपाने एकुण जमिनीचे रु. ६,५०,०००/- हजार एवढी रक्कम देण्याची व्यक्तींना रु. ....... प्रदान करुन तयारी आहे अशा त्यांची नावे दरवर्षी रु. ........... एवढया खंडाने गहाण / विक्री इ. करुन देण्या संबधीच्या अर्ज या नोटीसाच्या तारखेपासून १ महिन्याचे आत खाली सही करणाऱ्याकडून सादर करण्याचे आव्हान करण्यात येत आहे.

अनुसुची
भोगाधिकाराचे वर्णन

| जिल्हा | तालुका | गाव | भु.क्र. | पो. हिस्सा | क्षेत्रफळ | आकारणी | जनजातीय हस्तांतरणाचे नाव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नागपूर | कळमेश्वर | लाडाई माल | २१ | | ४.७२ पैकी १.६२ हे.आर | १.६२ | श्री महादेव धनिसंग श्रीरामे व इतर, रा. लाडाई माल, ता. कळमेश्वर, जि. नागपूर विक्रीद्वारे : गहाणद्वारे भाडेपट्टयाने |

शिक्का
तहसिलदार कळमेश्वर



रा.मा.क्र./एल.एन.डी.३१/२०२३/२४
मौजा - लाडाई माल, प.ह.नं. २२,
दिनांक २४/०७/२०२४

**-: जाहीरनामा :-**

नमूणा अ
(नियम ३ पहा)
महाराष्ट्र जमीन महसूल (जनजातीचे व्यक्तीकडे हस्तांतरीत करणे)

ज्याअर्थी मा. जिल्हाधिकारी, नागपूर सोबत जोडलेल्या अनुसूचिमध्ये नमूद केलेल्या व श्री. भाऊराव भिकरु मसराम, रा. लाडाई (माल) ता. कळमेश्वर जि. नागपूर यांच्या मालकिच्या जमिनीच्या भोगाधिकार विक्रीव्दारे / गहाणव्दारे इ. घेण्यासाठी अर्ज सादर केलेला आहे.
अर्जदाराने उक्त जमीनीच्या बाबतीत मोबदल्याच्या एकूण जमीनीचे रु. ६,३०,०००/- एवढी रक्कम श्री. नागो एकनाथ सलामे, रा. पिल्कापार धनेगाव, जि. छिंदवाडा मध्य प्रदेश राहणारी एखादी व्यक्ती / मालकांकडून भोगाधिकारी स्विकारण्यास तयार असेल तर कलम ३६-अ पोटकलम (१) च्या परंतूकाच्या उपलब्धान्वये तिला अग्रक्रम घ्यावयाचे आहे.
त्याअर्थी आता ज्या जनजातीय व्यक्ती लाडाई माल गावाच्या रहिवासी आहेत अथवा त्यापासून ५ कि.मी चे परीसरात राहत आहे आणि ज्यांची श्री. भाऊराव भिकरु मसराम, रा. लाडाई माल ता. कळमेश्वर जि. नागपूर यांच्याकडून विक्रीव्दारे / गहाणाव्दारे भोगाधिकार स्विकारण्याची आणि भाडे पट्टयाने त्यासाठी मोबदल्याचा रुपाने एकुण जमिनीचे रु. ६,३०,०००/- हजार एवढी रक्कम देण्याची व्यक्तींना रु. ....... प्रदान करुन तयारी आहे अशा त्यांची नावे दरवर्षी रु. ........... एवढया खंडाने गहाण / विक्री इ. करुन देण्या संबधीच्या अर्ज या नोटीसाच्या तारखेपासून १ महिन्याचे आत खाली सही करणाऱ्याकडून सादर करण्याचे आव्हान करण्यात येत आहे.

अनुसुची
भोगाधिकाराचे वर्णन

| जिल्हा | तालुका | गाव | भु.क्र. | पो. हिस्सा | क्षेत्रफळ | आकारणी | जनजातीय हस्तांतरणाचे नाव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नागपूर | कळमेश्वर | लाडाई माल | ४४ | | २.४५ हे.आर. पैकी २.०५ हे. आर | --- | श्री नागो एकनाथ सलामे, रा. पिल्कापार धनेगाव जि. छिंदवाडा मध्य प्रदेश विक्रीद्वारे : गहाणद्वारे भाडेपट्टयाने |

शिक्का
तहसिलदार कळमेश्वर



SHREE SAINATH COLLEGE OF PHARMACY
46, Sai Valley, Dawalamethi, Amravati Road, Nagpur-440023
Mob.No.8262927415
**University College Code :259, DTE Code:4209**
Approved by PCI & DTE; Affiliated to RTM Nagpur University, Nagpur

**Admission Notification Against CAP Vacancy for Direct Second Year Bachelor of Pharmacy - 2025-26**

**Applications are invited from eligible candidates for admission to Direct Second Year Bachelor of Pharmacy - 2025-26**

| SCHEDULE | DATE |
|---|---|
| Availability of application forms | 05/09/2025 upto 5 p.m. |
| Submission of duly filled application forms | 06/09/2025 upto 3 p.m. |
| Display of final Merit List | 06/09/2025 upto 4 p.m. |
| Admission as per merit list | 06/09/2025 to 12/09/2025 upto 3 p.m. |

Admission will be made as per directives issued by DTE, Maharashtra
Principal



**कार्यालय नगरपंचायत गोधणी (रे.)**
ता. नागपूर (ग्रा.), जि.नागपूर
Email:-np.godhanirailway@gmail.com

क्र.प.न/कावि.ववि.वि/1646/2025-26 दिनांक : 04-09-2025

**कार्यालय नगर गोधनी (रेल्वे) - जिल्हा नागपूर**

(निविदा सुचना - पहिली वेळ)

**सूचना प्रसिद्धी**

सर्व महाराष्ट्र शासन नोंदणीकृत विद्युत कंत्राटदाराना सुचित करण्यात येते की नगर पंचायत गोधनी (रेल्वे) अंतर्गत शहरात स्ट्रीट लाईट पाईंटवर Automatic Timer बाबत कामाची निविदा दर मागविण्यात येत आहे. तरि ईच्छुक कंत्राटदाराने आपल्या निविदा दिनांक ०८.०९.२०२५ ते १५.०९.२०२५ पर्यन्त या कालावधीत दर सादर करावे, या कालावधी नंतर येनाऱ्या निविदा रद्द करण्यात येईल. शक्य झाल्यास निविदा दिनांक १६.०९.२०२५ रोजी सकाळी ११:०० वाजता उघडण्यात यईल. सदर निविदा प्रक्रिया ऑफलाईन पद्धतीने सादर करावयाच्या आहे याची नोंद घ्यावी.

(डॉ सुप्रिया राठोड )
मुख्याधिकारी
नगर पंचायत गोधनी (रेल्वे)



**कार्यालय नगरपंचायत गोधणी (रे.)**
ता. नागपूर (ग्रा.), जि.नागपूर
Email:-np.godhanirailway@gmail.com

जा.क्र./ 1647 /न.पं.गो./2025 दिनांक : 04-09-2025

**जाहिर निविदा सुचना**

सन 2025-26 मध्ये नगर पंचायत गोधणी (रेल्वे) ला खालील दर्शविलेल्या कामाकरीता पंजिकृत/अनुभवी कंत्राटदार/पुरवठाधारक यांच्याकडुन बंद द्वी-लिफाफा पध्दतीने सिलबंद लिफाफ्यात निवीदा मागविण्यात येत आहे. त्याकरीता कोरे निविदा न.पं. गोधणी कार्यालयात दि. 04/09/2025 (सकाळी 09:45) ते दि. 18/09/2025 ला दुपारी 2.00 वाजेपर्यंत प्राप्त होईल व दि. 18/09/2025 ला सायंकाळी 5.00 वाजेपर्यंत न.पं. गोधणी कार्यालयात स्विकारण्यात येईल.

| अ. क्र. | कामाचे विवरण | अनामत रक्कम | कोरे निवीदा प्रपत्र रक्कम | कामाचा कालावधी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | सिमेंट बेंच पुरवठा करणे. | 10,000/- | 1000/- | आदेशापासुन 31/03/2026 पर्यंत किंवा पुढील आदेशापर्यंत |

टिप :- कामासंबंधी सविस्तर माहिती नगरपंचायत कार्यालयात कार्यालयीन वेळेत पाहावयास मिळेल.

(डॉ. सुप्रिया राठोड)
मुख्याधिकारी
नगर पंचायत, गोधणी



रा.मा.क्र./एल.एन.डी.३१/२०२४-२५
मौजा - लाडाई माल, प.ह.नं. २१,
दिनांक २६/१२/२०२४

**-: जाहीरनामा :-**

नमूणा अ
(नियम ३ पहा)
महाराष्ट्र जमीन महसूल (जनजातीचे व्यक्तीकडे हस्तांतरीत करणे)

ज्याअर्थी मा. जिल्हाधिकारी, नागपूर सोबत जोडलेल्या अनुसूचिमध्ये नमूद केलेल्या व श्री. महादेव धनिसंग श्रीरामे व इतर, रा. लाडाई (माल) ता. कळमेश्वर जि. नागपूर यांच्या मालकिच्या जमिनीच्या भोगाधिकार विक्रीव्दारे / गहाणव्दारे इ. घेण्यासाठी अर्ज सादर केलेला आहे.
अर्जदाराने उक्त जमीनीच्या बाबतीत मोबदल्याच्या एकूण जमीनीचे रु. ६,५०,०००/- एवढी रक्कम श्री. माणिकराव सीताराम डहाके रा. धनेगाव ता. जि. छिंदवाडा मध्य प्रदेश राहणारी एखादी व्यक्ती / मालकांकडून भोगाधिकारी स्विकारण्यास तयार असेल तर कलम ३६-अ पोटकलम (१) च्या परंतूकाच्या उपलब्धान्वये तिला अग्रक्रम घ्यावयाचे आहे.
त्याअर्थी आता ज्या जनजातीय व्यक्ती लाडाई माल गावाच्या रहिवासी आहेत अथवा त्यापासून ५ कि.मी चे परीसरात राहत आहे आणि ज्यांची श्री. महादेव धनिसंग श्रीरामे व इतर, रा. लाडाई माल ता. कळमेश्वर जि. नागपूर यांच्याकडून विक्रीव्दारे / गहाणाव्दारे भोगाधिकार स्विकारण्याची आणि भाडे पट्टयाने त्यासाठी मोबदल्याचा रुपाने एकुण जमिनीचे रु. ६,५०,०००/- हजार एवढी रक्कम देण्याची व्यक्तींना रु. ....... प्रदान करुन तयारी आहे अशा त्यांची नावे दरवर्षी रु. ........... एवढया खंडाने गहाण / विक्री इ. करुन देण्या संबधीच्या अर्ज या नोटीसाच्या तारखेपासून १ महिन्याचे आत खाली सही करणाऱ्याकडून सादर करण्याचे आव्हान करण्यात येत आहे.

अनुसुची
भोगाधिकाराचे वर्णन

| जिल्हा | तालुका | गाव | भु.क्र. | पो. हिस्सा | क्षेत्रफळ | आकारणी | जनजातीय हस्तांतरणाचे नाव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नागपूर | कळमेश्वर | लाडाई माल | २१ | | ४.७२ पैकी ०.८१ हे.आर. | १२.८० | श्री महादेव धनिसंग श्रीरामे व इतर, रा. लाडाई माल, ता. कळमेश्वर, जि. नागपूर विक्रीद्वारे : गहाणद्वारे भाडेपट्टयाने |

शिक्का
तहसिलदार कळमेश्वर



रा.मा.क्र./एल.एन.डी.३१/२०२४-२५
मौजा - लाडाई माल, प.ह.नं. २१,
दिनांक ०६/०३/२०२५

**-: जाहीरनामा :-**

नमूणा अ
(नियम ३ पहा)
महाराष्ट्र जमीन महसूल (जनजातीचे व्यक्तीकडे हस्तांतरीत करणे)

ज्याअर्थी मा. जिल्हाधिकारी, नागपूर सोबत जोडलेल्या अनुसूचिमध्ये नमूद केलेल्या व श्री. महादेव धनिसंग श्रीरामे व इतर, रा. लाडाई (माल) ता. कळमेश्वर जि. नागपूर यांच्या मालकिच्या जमिनीच्या भोगाधिकार विक्रीव्दारे / गहाणव्दारे इ. घेण्यासाठी अर्ज सादर केलेला आहे.
अर्जदाराने उक्त जमीनीच्या बाबतीत मोबदल्याच्या एकूण जमीनीचे रु. ६,५०,०००/- एवढी रक्कम श्री. हरिचन्द करनाके रा. सोनेगाव त. जि. वर्धा राहणारी एखादी व्यक्ती / मालकांकडून भोगाधिकारी स्विकारण्यास तयार असेल तर कलम ३६-अ पोटकलम (१) च्या परंतूकाच्या उपलब्धान्वये तिला अग्रक्रम घ्यावयाचे आहे.
त्याअर्थी आता ज्या जनजातीय व्यक्ती लाडाई माल गावाच्या रहिवासी आहेत अथवा त्यापासून ५ कि.मी चे परीसरात राहत आहे आणि ज्यांची श्री. महादेव धनिसंग श्रीरामे व इतर, रा. लाडाई माल ता. कळमेश्वर जि. नागपूर यांच्याकडून विक्रीव्दारे / गहाणाव्दारे भोगाधिकार स्विकारण्याची आणि भाडे पट्टयाने त्यासाठी मोबदल्याचा रुपाने एकुण जमिनीचे रु. ६,५०,०००/- हजार एवढी रक्कम देण्याची व्यक्तींना रु. ....... प्रदान करुन तयारी आहे अशा त्यांची नावे दरवर्षी रु. ........... एवढया खंडाने गहाण / विक्री इ. करुन देण्या संबधीच्या अर्ज या नोटीसाच्या तारखेपासून १ महिन्याचे आत खाली सही करणाऱ्याकडून सादर करण्याचे आव्हान करण्यात येत आहे.

अनुसुची
भोगाधिकाराचे वर्णन

| जिल्हा | तालुका | गाव | भु.क्र. | पो. हिस्सा | क्षेत्रफळ | आकारणी | जनजातीय हस्तांतरणाचे नाव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नागपूर | कळमेश्वर | लाडाई माल | २१<br>२७ | | ४.७२ पैकी १.२१ व<br>०.६१ | १२.८०<br>१.२५ | श्री महादेव धनिसंग श्रीरामे व इतर, रा. लाडाई माल, ता. कळमेश्वर, जि. नागपूर विक्रीद्वारे : गहाणद्वारे भाडेपट्टयाने |

शिक्का
तहसिलदार कळमेश्वर







## मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस






**पाठकगणों को विनम्र सूचना :** दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।

**विज्ञान हेतू संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक मोबाइल नं. 9604758944 , 9881272088**

## सुविचार

आपकी हंसी आपकी सबसे बड़ी संपत्ति है, इसे संजो कर रखिए।

## संपादकीय

# विरोध कहां तक

❑ देश ने आरक्षण की एक और लड़ाई देखी, इस बार मुंबई में। मराठा आरक्षण को लेकर पांच दिनों तक भारत की आर्थिक राजधानी में हंगामा मचा रहा। प्रदर्शनकारी आखिरकार माने, लेकिन अपनी कई मांगें मनवा कर। प्रदर्शन खत्म हो चुका है, पर इससे जुड़े कुछ सवाल अब भी बाकी हैं- अपनी मांग को लेकर कोई आंदोलन किस हद तक जा सकता है और क्या विरोध-प्रदर्शन का अधिकार छीना जा सकता है?

बॉम्बे हाई कोर्ट ने मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल से जवाब मांगा है कि आंदोलन के दौरान सरकारी संपत्ति को जो बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा, उसका जिम्मेदार कौन है? जरांगे की तरफ से बताया गया कि आंदोलन शांतिपूर्ण था, किसी संपत्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। हालांकि यह माना गया कि आम जनता को असुविधा हुई। गौरतलब है कि यह आंदोलन खत्म भी तभी हुआ, जब हाई कोर्ट ने सख्ती दिखाई - भले इसके लिए सरकार ने जरांगे की मांगें मानीं। आम लोगों को हुई असुविधा पर हाई कोर्ट की नाराजगी बिल्कुल सही है। अपनी बात मनवाने के लिए किसी शहर की रफ्तार को रोक देना उचित नहीं माना जा सकता। दुर्भाग्य से दक्षिण मुंबई को जबरदस्त परेशानी झेलनी पड़ी - कई लोकल ट्रेन कैंसल हुईं और कभी न थमने वाली मुंबई का कुछ हिस्सा आरक्षण आंदोलन में जकड़ गया।लेकिन यहां जितनी जिम्मेदारी आंदोलनकारियों, उनके नेता जरांगे की है, उतनी ही एडमिनिस्ट्रेशन की भी। मुंबई में भीड़ का उमड़ना कोई नई बात नहीं है। गणेश पूजनोत्सव के दौरान ही देश के तमाम हिस्सों से लोग गणपति बप्पा के दर्शन को मुंबई पहुंचते हैं।

तो क्या आंदोलन की जानकारी होने के बाद हालात को संभालने के लिए उचित इंतजाम किए गए थे? अगर परमिशन पांच हजार की थी, तो इससे कई गुना ज्यादा भीड़ कैसे महानगर में दाखिल हो गई? विरोध-प्रदर्शन लोकतंत्र का अहम हिस्सा है। सरकार से असहमति जताना और जिम्मेदारों तक अपनी बात पहुंचाना हर नागरिक का हक है। अगर किसी समुदाय-वर्ग को लगता है कि सरकार उसके हितों की अनदेखी कर रही है, तो उसे विरोध जताने से नहीं रोका जा सकता। लेकिन, मामला है हद का - कि उस विरोध की सीमा क्या होगी? जिस तरह विरोध का अधिकार नहीं छीना जा सकता, उसी तरह यह भी नहीं हो सकता कि एक का प्रदर्शन दूसरे के लिए आफत बन जाए। महाराष्ट्र सरकार ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। जरूरत है कि इस सवाल को भी सुलझा लिया जाए, वरना फिर कोई शहर किसी आंदोलन के बोझ से दबा होगा।

## आस्था

# जानें क्या होता है प्रदोष काल और इसका महत्व

❑ हिंदू धर्म में हर व्रत और त्योहार का अपना विशेष महत्व है. भगवान शिव को समर्पित प्रदोष व्रत हर माह में दो बार पड़ता है. प्रदोष व्रत चन्द्र मास की दोनों त्रयोदशी के दिन किया जाता है जिसमे से एक शुक्ल पक्ष के समय और दूसरा कृष्ण पक्ष के समय होता है. जिस दिन त्रयोदशी तिथि प्रदोष काल के समय पड़ती है उसी दिन प्रदोष का व्रत किया जाता है. साल 2025 में सितंबर माह में पड़ने वाला पहला और भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को प्रदोष व्रत किया जाएगा. इस दिन प्रदोष काल में पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है. प्रदोष व्रत शुक्रवार के दिन पड़ने से इस प्रदोष व्रत को शुक्र प्रदोष व्रत के नाम से भी जाना जाता है. इस दिन भक्त महादेव के साथ-साथ मां लक्ष्मी की कृपा भी प्राप्त होती है. विवाहित लोग जब इस दिन व्रत को करते हैं तो शादीशुदा जीवन में खुशियों का आगमन होता है. साथ ही इस दिन शिव परिवार की पूजा-अर्चना करने से भोलेनाथ का आशीर्वाद बना रहता है और हर मनोकामना पूर्ण होती है. यह व्रत सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और संतान प्राप्ति के लिए विशेष रूप से किया जाता है. शुक्र प्रदोष व्रत 2025 तिथि: त्रयोदशी तिथि की शुरुआत 5 सितंबर यानी आज सुबह 04 बजकर 08 मिनट पर होगी. त्रयोदशी तिथि समाप्त 6 सितंबर 2025 को सुबह 03 बजकर 12 मिनट पर समाप्त होगी. इसीलिए भाद्रपद माह में शुक्ल प्रदोष व्रत आज, 2025 शुक्रवार के दिन रखा जाएगा.

## कहानी

राजेश माहेश्वरी

# भ्रातृ प्रेम

❑ एक शहर में रमेश और महेश नाम के दो सगे भाई रहते थे। उनके बीच में संपत्ति के बंटवारे को लेकर मतभेद थे जो कि इतने बढ़ गये थे कि उनमें आपस में बातचीत भी बंद हो गई थी। एक दिन महेश एक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे अस्पताल ले जाया गया। वहाँ पर चिकित्सकों ने उसका तुरंत आपरेशन करने का निर्णय लिया और इसके लिए रक्त की आवश्यकता थी। महेश का ब्लड ग्रुप बहुत ही दुर्लभ था जो कि बहुत तलाश करने पर भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। जब इस बात की जानकारी रमेश को लगी तो वह तुरंत भागा भागा अस्पताल आया और अपना खून देने की पेशकश की क्योंकि उसका ब्लड ग्रुप भी महेश के ब्लड ग्रुप से मेल खाता था। यह जानकर रमेश के पहचान वालों ने उसे समझाना शुरू किया कि तुम रक्तदान मत करो। यह तुम्हारा सगा भाई होते हुए भी तुम्हारे हिस्से की भी संपत्ति हडपने की फिराक में था। ऐसे व्यक्ति से इतनी सहानुभूति क्यों घ् वहां पर महेश के हितैषियों ने भी उसके परिजनों को कहने लगे कि रमेश भाई होते हुए भी किसी दुश्मन से कम नहीं है। वह महेश के हिस्से की संपत्ति को भी हड़पना चाहता है। ऐसे व्यक्ति से कोई भी सहयोग लेना उचित नहीं है। इतना बोलने के बाद भी रमेश ने अपना खून दिया और महेश ने उसे स्वीकार कर लिया और आपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। अपने भाई को मुसीबत में देखकर उसके प्रति उमड़े प्रेम ने दोनों के बीच के संपत्ति केबंटवारे के विवाद को सुलझा दिया और वे पुनः एक हो कर रहने लगे।

## होम टिप्स

# मानसून में कीटों से बचाव के लिए करें ये घरेलू उपाय

बारिश का मौसम अपने साथ ठंडी हवाएं, हरियाली और सुहानी फुहारें लेकर आता है. लेकिन इस खूबसूरत मौसम की एक परेशानी भी होती है, जो हर किसी को परेशान करती है, कीड़े-मकोड़े और मकड़ियों का घर में आ जाना. नमी और सीलन की वजह से यह मौसम कीड़ों के लिए सबसे अनुकूल होता है. जैसे ही बारिश की बूंदें जमीन से टकराती हैं, वैसे ही कई तरह के कीड़े, तिलचट्टे, मच्छर, चींटियां, मकड़ियां घर की दीवारों, कोनों और अलमारियों में अपनी जगह बना लेते हैं. नीम एक प्राकृतिक कीटनाशक है और इसके धुएं या तेल का उपयोग करने से कीड़े घर से भाग जाते हैं। नीम की सूखी पत्तियों को जलाकर धुआं कर सकते हैं.नीम के तेल को पानी में मिलाकर स्प्रे बोतल में भरें और कोनों, खिड़की के आसपास छिड़कें यह न सिर्फ कीड़े भगाने में मदद करता है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी सुरक्षित होता है, कपूर और लौंग की तेज़ खुशबू कीड़ों को पसंद नहीं होती कुछ लौंग और एक-दो कपूर को घर के कोनों और अलमारियों में रखें आप इसे रूम फ्रेशनर की तरह भी इस्तेमाल कर सकते हैं.

आसिमुद्दीन ग़ाज़ी, सिटी प्रेसिडेंट यूथ मूवमेंट ऑफ महाराष्ट्र, नागपुर.....

शुक्रवार स्पेशल

# 'पैग़म्बर मुहम्मद स.अ़.व. को सारे संसार के लिए बस सर्वथा दयालू बनाकर भेजा गया'

पवित्र क़ुरआन की सूरह अल-अहज़ाब की 56 वीं पंक्ति में अल्लाह तआला फ़रमाता है कि "निश्चय ही अल्लाह और उसके फ़रिश्ते नबी पर दुरूद भेजते हैं। ऐ ईमान वालों, तुम भी उन पर दुरूद व सलाम भेजते रहो।" इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है कि अल्लाह तआला और उसके फ़रिश्तों की दुआएँ आप के साथ रही हैं और ईमान वालों को भी उनका अनुसरण करने का आदेश दिया गया है। सल्ले अला सैय्यदना मुहम्मद... इस अवसर पर आप सअ़व के धन्य जीवन के कुछ पहलुओं को समझने का प्रयास किया जाएगा: अल्लाह के रसूल संसार के लिए दया बनकर आए, अल्लाह ने उन्हें संसार के लिए दया बनाकर भेजा।

उन्होंने संसार को बताया कि अल्लाह अत्यंत कृपालु और दयावान है। उसके बंदों को भी एक-दूसरे के साथ दया और करुणा का व्यवहार करना चाहिए और उनका जीवन ईश्वरीय गुणों से परिपूर्ण होना चाहिए। केवल इसी के माध्यम से वे ईश्वर के प्रिय बन सकते हैं। यदि इंसानों में दया और कृपा की शुद्ध भावना का जन्म हो जाए तो लोगों में शांति की भावना पैदा हो जाएगी।

इससे सभी विवाद ख़त्म हो जाएंगे और दुनिया अमन और शांति का केंद्र बन जाएगी। अल्लाह के रसूल पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम में दया और रहमत होने के कुछ पहलू इस प्रकार से दिखाई देते हैं कि "हमने आपको तो (जन्नत की) खुशखबरी देने वाला और (अज़ाब से) डराने वाला (रसूल) बनाकर भेजा है (बनी इसराईल105), इससे सिद्ध होता है कि अल्लाह ने पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम को जन्नत की ख़ुशख़बरी देने वाले और जहन्नुम, नरक की चेतावनी देने वाले के अलावा किसी और काम के लिए नहीं भेजा। इसलिए कि दुनिया अल्लाह से जुड़ने और वियोग के परिणामों से अनभिज्ञ थी। आप सअ़व ने हमें बताया कि अल्लाह से नाता तोड़कर मनुष्य सफलता प्राप्त नहीं कर सकता। उसके लिए सफलता के सभी मार्ग बंद हो जाते हैं।

मनुष्य के लिए इस दुनिया और आख़िरत में सफल और समृद्ध होने का केवल एक ही मार्ग है और वह है अल्लाह की इबादत और आज्ञाकारिता का मार्ग अपनाना। जो क़ौम इसका अनुसरण करेगी वह अल्लाह की सहायता के पात्र होगी। अल्लाह की अवज्ञा करने से क़ौम को स्थायी हानि होती है, उनके भाग्य में शाश्वत विनाश लिख दिया जाता है। यही चेतावनी और उपदेश का कर्तव्य है जो आप सअ़व के माध्यम से पूरा हुआ। यह आपका इतना बड़ा उपकार है कि संसार कभी इससे मुक्त नहीं हो सकता। आज भी अपनी हज़ार भौतिक उन्नति के बावजूद मनुष्य भटका हुआ है। वह ईश्वरीय आदेशों से भटक गया है, उसे दिखाए गए सीधे मार्ग पर मार्गदर्शन की आवश्यकता है।

पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम को इसीलिए धरती पर भेजा गया। जब दुनिया बहुत से वर्गों और समूहों में बँटी हुई थी उसमें कहीं भौगोलिक सीमाओं ने, कहीं राष्ट्रीय, जातीय और भाषाई मतभेदों ने, तो कहीं ग़लत धार्मिक रीति-रिवाजों और परंपराओं ने इंसानों को बाँट रखा था, इंसानों के बीच कई तरह की दीवारें थीं, झगड़े और युद्ध के मैदान गरमा जाते थे, खून की नदियाँ बहती थीं। इंसानियत यह देखकर शर्मिंदा होती थी कि हर किसी का दामन खून से रंगा हुआ रहता था। ऐसी परिस्थितियों में अल्लाह तआला ने अपने रसूल हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की ओर से ऐलान किया जो पवित्र क़ुरआन की सूरह अल हुजुरत की आयत 13 में



वर्णित है कि "ऐ मनुष्यों!

हमने तुम्हें एक पुरुष और एक स्त्री से पैदा किया और तुम्हें विभिन्न जातियों और कुलों में बाँट दिया, ताकि तुम एक-दूसरे को जान सको। निःसंदेह, अल्लाह के निकट तुम में सबसे अधिक सम्मानित वह है, जो तुम में सबसे अधिक तक़वा वाला है। निःसंदेह अल्लाह सर्वज्ञ और पूरी ख़बर रखने वाला है"। यह पंक्ति बताती है कि सभी मनुष्य एक ही मूल से आए हैं और अल्लाह के यहाँ किसी व्यक्ति का सम्मान उसके वंश या कुल पर नहीं, बल्कि उसके ईशभक्ति और सदाचार पर निर्भर करता है।

हज्जतु विदा के अवसर पर एक लाख से अधिक सहाबा ए किराम की उपस्थिति में आप सअ़व ने घोषणा की कि "याद रखो, एक अरब को गैर-अरबी पर, एक गैर-अरबी को अरब पर, किसी गोरे को काले पर, किसी काले को गोरे पर कोई श्रेष्ठता नहीं है। श्रेष्ठता उसे प्राप्त है जिसके अंदर तक़वा और ईश्वर का भय है।"(अहमद) अल्लाह के रसूल हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने नैतिकता की शिक्षा देते हुए कहा कि "मुझे उत्तम नैतिकता की सिद्धि के लिए भेजा गया है"।

उन्होंने शिक्षा को चरम शिखर पर पहुँचाया। उच्च नैतिकता ही अल्लाह सर्वशक्तिमान को प्रसन्न करने का एक साधन है। यह व्यक्ति को इस दुनिया में सम्मान और उन्नति प्रदान करती हैं। इससे उसे समाज में सम्मान और आदर मिलता है और वह समाज के लिए एक बेहतर और उपयोगी व्यक्ति साबित होता है। अनैतिक व्यक्ति ईश्वर की नज़र में घृणास्पद होता है। दुनिया में उसे सम्मान और गरिमा की नज़र से नहीं देखा जाता और उसका अस्तित्व समाज के लिए कष्टदायक और हानिकारक होता है। सभी उससे घृणा करते हैं।

यह अल्लाह के रसूल हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम की ही कृपा है कि समाज में अच्छे आचरण को बढ़ावा दिया गया और अनैतिकता को अपराध माना गया। आप सअ़व ने कमज़ोर लोगों के अधिकारों की रक्षा की। आप सअ़व ने कमज़ोर व्यक्तियों और वर्गों, महिलाओं, बच्चों, गरीबों, अनाथों और उत्पीड़ितों के साथ बेहतर व्यवहार करने को प्रोत्साहित किया और उन्हें अनैतिक व्यवहार अपनाने से सख़्त मना किया।

अल्लाह तआला ने इस बारे में चेतावनी दी है। आज दुनिया कमज़ोर और उत्पीड़ित लोगों के अधिकारों की घोषणा करती है और इसके लिए क़ानून भी बनाए जाते हैं। कई लोग इसे वर्तमान युग की देन मानते हैं, लेकिन यह एक सच्चाई है कि अल्लाह के रसूल मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को समाज के कमज़ोर और असहाय लोगों के पक्ष में आवाज़ उठाने और उनके अधिकारों की रक्षा और सुरक्षा के लिए कदम उठाने वाले पहले व्यक्ति होने का गौरव प्राप्त है।

दुनिया के विद्वानों और विचारवान लोगों ने इन उपकारों को स्वीकार भी किया है। रहमतुललिल आलमीन हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने कमज़ोर लोगों के अधिकारों की रक्षा की है। इसी सिलसिले में एक घटना का उल्लेख मिलता है कि हज़रत अबू मसूद अंसारी रज़ि कहते हैं कि मैं अपने ग़ुलाम को कोड़े से पीट रहा था, पीछे से एक आवाज़ सुनी "अबू मसूद! ख़ूब समझ लो कि अल्लाह तआला तुम पर इससे ज़्यादा शक्ति रखता है जितनी कि तुम्हें उस पर प्राप्त है"। पलटा कर देखा तो अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम मौजूद थे। मैंने कोड़ा ज़मीन पर डाल दिया और कहा कि इसके बाद किसी ग़ुलाम को कभी नहीं मारूँगा और यह ग़ुलाम आज से आज़ाद है।

आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया: "अगर तुम इसे आज़ाद न करते तो जहन्नम की आग तुम्हें छू जाती"। (मुस्लिम). आप सअ़व. ने अपने शत्रुओं के साथ अच्छा व्यवहार किया। अपने शत्रुओं के साथ आप सअ़व.के व्यवहार का एक उदाहरण इस प्रकार दिया जा रहा है कि जब मक्का फ़तेह हुआ, तो जिन लोगों ने आप सअ़व. पर और आपके साथियों पर अत्याचार के पहाड़ तोड़े, अपनी प्यारी मातृभूमि मक्का को छोड़ने पर मजबूर किया जो हमेशा से आपसे युद्ध पर उतारू रहा करते थे और जिसके साथ आपको कई युद्ध लड़ने पड़े थे, वे आपके सामने सर झुकाए हुए, लज्जित अवस्था में खड़े थे। आप सअ़व चाहते तो उनमें से एक एक से बदला ले सकते थे।

आप सअ़व ने उनसे पूछा: बताओ, अब मैं तुम्हारे साथ क्या मामला करूँगा? वे शत्रु होने के बावजूद जो आपके चरित्र से अच्छी तरह वाकिफ़ थे। उन्होंने कहा: आप नेक इंसान हैं और नेक भाई के बेटे हैं। आपने कहा:" जाओ, आज तुम सब आज़ाद हो। तुमसे कोई पूछताछ न होगी"। यह घोषणा सुनते ही उन्हें यह महसूस हुआ जैसे मौत के मुँह से निकल आए हों। उसके बाद वे सभी आप के अनुसरण में आ गए। इतिहास अपने विरोधियों पर विजय पाने के बाद रक्तपात के उदाहरणों से भरा पड़ा है, लेकिन क्या बदला लेने की बजाय क्षमा का कोई और उदाहरण प्रस्तुत किया जा सकता है? सल्लू अलैहि वसल्लम।

# बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के सेंटर पॉइंट पर इस बार आरजेडी



संयम श्रीवास्तव



नेता और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव हैं. दरअसल 2020 के विधानसभा चुनावों में अपनी पार्टी को सबसे अधिक सीट दिलाकर वो मुख्यमंत्री बनने के सबसे करीब थे. जाहिर है कि इस बार सभी पार्टियां तेजस्वी यादव से मुकाबला कर रही हैं. बीजेपी, जेडीयू और जनसुराज सभी के निशाने पर आरजेडी और तेजस्वी ही हैं. वोटर अधिकार यात्रा के चलते उनकी चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर हुई है. लेकिन उनकी कुछ रणनीतिक और व्यक्तिगत गलतियों ने उनकी तेजी को प्रभावित किया है.

17 अगस्त से 1 सितंबर 2025 तक राज्य में चली वोटर अधिकार यात्रा में तेजस्वी यादव ने राहुल गांधी के साथ मिलकर पूरे राज्य में मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं के खिलाफ अभियान चलाया. इस यात्रा में राहुल गांधी डॉमिनेंट नजर आए. खुली जीप में ड्राइविंग सीट पर उनकी उपस्थिति ने आरजेडी कार्यकर्ताओं और बिहार के मतदाताओं में यह धारणा पैदा की कि तेजस्वी राहुल के पिछलग्गू बन गए हैं. आम लोग राहुल गांधी से मिलने और हाथ मिलाने को आतुर दिखाई दे रहे थे.तेजस्वी राहुल के साथ निस्तेज नजर आते थे. यात्रा के समापन के बाद, तेजस्वी ने नीतीश कुमार को नैतिक भ्रष्टाचार का भीष्म पितामह करार दिया.यह कुछ ऐसा ही है जैसे अति उत्साह में कोई गलती करना. तेजस्वी ने चाहे जो भी सोचकर नीतीश कुमार पर भ्रष्टाचार का आरोप तो लगा दिया पर वो विधानसभा चुनावों में उनके लिए उल्टा भी पड़ सकता है. उन्होंने दावा किया कि नीतीश सरकार के संरक्षण में भ्रष्टाचार चरम पर है. तीन इंजीनियरों के पास 500 करोड़, 300 करोड़ और 100 करोड़ की संपति पाई गई. तेजस्वी ने यह भी कहा कि जो मंत्री इस भ्रष्टाचार इन्वॉल्व है नीतीश कुमार हर दिन उसके घर क्या करने जाते हैं? यह हमला नीतीश की इमानदार छवि को सीधे चुनौती देता है. बिहार में नीतीश कुमार के विरोधी जैसे लालू प्रसाद यादव खुद यह बयान दे चुके हैं कि नीतीश कुमार की ईमानदारी पर कोई प्रश्नचिह्न नहीं लगा सकता है. एक राजनीतिक विश्लेषक कहते हैं कि लालू यादव का व्यक्तित्व उनके दोनों बेटों में बंट गया. ह्यूमर वाल उनका गुण तेजप्रताप को मिला तो उनकी राजनीतिक चतुराई तेजस्वी को मिली.जाहिर है कि तेजप्रताप यादव की भी पार्टी और परिवार में एक अलग भूमिका रही है. ऐन चुनावों के पहले पार्टी से उनको बाहर का रास्ता दिखाना तेजस्वी के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है. दरअसल तेजप्रताप समर्थकों का कहना है कि इन सबके पीछे तेजस्वी हैं. तेजप्रताप अपनी अनोखी शैली और विवादास्पद बयानों के बावजूद यादव समुदाय के बीच एक लोकप्रिय चेहरा रहे हैं. तेजस्वी यादव का मुंबई के मरीन ड्राइव पर एक रील बनाना, जिसमें वह अपने व्यक्तित्व से अलग अंदाज में दिखे. सोशल मीडिया पर वायरल हो रही यह रील संभवतः तेजस्वी को युवा मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए बनाई गई है. पर देखा जाए तो बिहार चुनावों के संदर्भ में यह गलत समय पर आई. उनका मुकाबला यहां गंभीर नेताओं से है. जो गंभीर मुद्दों पर चुनाव लड़ रहे हैं. तेजस्वी की छवि एक गंभीर और जमीनी नेता के रूप में बन रही थी, लेकिन उनकी डांस वाली रील ने उस छवि को नुकसान पहुंचाया है. बिहार जैसे राज्य में, जहां मतदाता गंभीर नेतृत्व को प्राथमिकता देते हैं.

## समीक्षा

दिलीप भाटिया

# डोर

❑ यत्र तत्र सर्वत्र प्रकाशित होते रहने वाले पंकज की दूसरी कृति 80 लघुकथाओं के संकलन रूप में साहित्य जगत में आई है। सामयिक ज्वलंत हर विषय पर गागर में सागर सदृश ये लघुकथाएं एक सकारात्मक समाधानात्मक एवं विचारणीय संदेश देती हैं। वर्तमान रचनाओं से हटकर ये लघुकथाएं पाठक के मन को संतोष, तृप्ति एवं आशा की किरण देती हैं। धार्मिक उत्सव पर कटाक्ष 'मजाक' में है, ऊर्जा संरक्षण का संदेश 'संस्कार' में है, ममता का गुण 'समानता' में है, लॉटरी पर कटाक्ष 'लाटरी' में है, पापा की कमी 'मेरे पापा' में है, अंधेरे की हार 'रोशनी' में है, संवेदनशीलता 'काश' में है, रिश्तों की निरर्थक तुलना 'तुलना' में है, रिश्वत पर प्रश्न चिन्ह 'प्रतिपूर्त्ति' में है, घर का महत्त्व 'ईनाम' में है, जीवनसंगिनी का महत्व 'डोर' में है, शालीनता एवं मर्यादा का महत्व 'कसूरवार' में है, मोहल्ले की एकता का महत्व 'सुख' में है, इत्यादि। साहित्यिक प्रदूषण के कीचड़ में अपने नाम को सार्थक करते हुए कमल सदृश पंकज की रचनाएं कभी आंखें छलकाती हैं, कभी दर्पण दिखलाती हैं, कभी कटघरे में खड़ा करती हैं, वर्तमान व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह भी लगाती हैं, काली अमावस्या पर संकेत देते हुए भी पूर्णिमा का आश्वासन दे जाती हैं। जन्मजात बायें हाथ की कमी के कारण पंकज दया, सहानुभूति की अपेक्षा नहीं करते, उनका दायां हाथ इतना सक्षम समर्थ है कि आत्म स्वाभिमानी, ऊर्जावान, कर्तव्यशील पंकज स्वतः ही कर्म एवं रचनाओं के माध्यम से शिक्षा दे जाते हैं। अल्पकाल में ही साहित्य की कई मंजिलें चढ़ने वाले पंकज कई सम्मानीय सम्मान पुरस्कार अर्जित कर चुके हैं, पंकज एक अच्छे साहित्यकार हैं, पर साथ ही पंकज एक उत्कृष्ट इंसान हैं, पाठक उन्हें सम्मान देते हैं, पत्रिकाओं के संपादक रचनाओं के लिए अनुरोध करते हैं, यही पंकज के लेखन की सार्थकता है।

## आलेख

# शिक्षक दिन का महत्व

❑ हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस भारत के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के मौके पर मनाया जाता है। हर व्यक्ति के जीवन में उसके शिक्षक का सबसे महत्वपूर्ण स्थान होता है। इतना महत्वपूर्ण कि उसे भगवान का दर्जा दिया जाता है। शिक्षक दिवस के दिन स्कूल और कॉलेजों में विशेष कार्यक्रम आयोजित होते हैं। यह दिन छात्रों का शिक्षकों के प्रति उनका प्यार और सम्मान प्रकट करने का दिन होता है। इस टीचर्स डे पर अगर आप भाषण देने वाले हैं तो आप इस तरह का भाषण दे सकते हैं. आज के शुभ अवसर पर मैं एक श्लोक के साथ अपने भाषण की शुरुआत करना चाहूंगा। गुरुर्ब्रह्मा गुरुविष्णुः गुरुर्देव महेश्वरः गुरुर साक्षात् परम ब्रह्म तस्मै श्री गुरुवे नमः। यानी गुरु ही ब्रह्मा है, गुरु ही विष्णु है, गुरुदेव ही शिव है और गुरुदेव ही मूल ब्रह्म का साकार रूप है, उस गुरुदेव को हम नमन करते हैं। आज मुझे बहुत खुशी है कि शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर मुझे कुछ कहने का अवसर मिला है।

हम जानते हैं कि आज हम सभी यहां शिक्षक दिवस मनाने आये हैं। शिक्षक हमारे जीवन से स्तंभ होते हैं। वह अपना समय देकर हमारे जीवन को संवारते हैं और आगे बढ़ाते हैं। शिक्षक ना सिर्फ हमें शिक्षा देते हैं बल्कि वह हमेशा हमें अच्छा इंसान बनाने की कोशिश करते रहते हैं। उनकी कही बातें ही हमारे जीवन का निखारती हैं। इस दिन देश के पहले उपराष्ट्रपति और महान शिक्षाविद डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिवस होता है जो एक शिक्षक थे। सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद और महान दार्शनिक थे। 5 सितंबर 1888 को तमिलनाडु के छोटे से गांव तिरुमनी में जन्मे डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को 27 बार नोबेल पुरस्कार के लिए नामित किया गया था। 1954 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

उन्होंने अपने छात्रों से जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की इच्छा जताई थी इसलिए इस दिन को भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिक्षक हमारे जीवन से अज्ञानता के अंधकार को दूर कर उसे ज्ञान के प्रकाश से भर देते हैं। शिक्षक हमें सिर्फ पढ़ाते नहीं हैं, वे हमारे भविष्य को आकार भी देते हैं। हमें जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। वे हमारी गलतियां बताते हैं, ताकि हम लगातार सुधार कर सकें। गुरु हमें जीवन के हर नए मोड़ पर आने वाली सभी कठिनाइयों से लड़ने की शक्ति देते हैं।

हृदय स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम दवा

> कैप. हृदय कवच, कैप. कार्डिओ अमृत, को-एच और क्लीन हार्ट सिरप

यह सभी हृदय रोगों से बचाव के लिए प्रभावी दवाएं हैं। आयुर्वेद एक शाश्वत चिकित्सा शास्त्र है। जिसमें शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखा गया है। इसकी चिकित्सा औषधी अत्यंत विशुद्ध अमृततुल्य होती है। जो दुष्परिणाम विरहित होकर चिकित्सा अपुनर्भव होती है अर्थात रोगों को समूल नष्ट कर देती हैं। इन उत्पादों के माध्यम से हृदय रोगों का प्रबंधन और उपचार संभव है, जिससे जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। आजकल की भागदौड़ की जिंदगी में असमय, अशास्त्रीय तरीके से खाना पिना, रात्रि जागरण मानसिक एवं शारीरिक तनाव, आधुनिक जीवन शैली इत्यादि के कारण ऑक्युपेशनल डिसऑर्डर अर्थात जिवनशैली से अथवा काम में संबंधित विकार होने शुरु हो गये है। उसमें हाई बि.पी, शुगर के साथ हृदय विकार भी आमतौर पर देखे जा रहे हैं। आजकल स्त्री हो या

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स



डॉ. आकांशा रा. गुप्ता B.A.M.S, MD, (A.M) C.C.H, C.G.O, C.V.D
डॉ. पारुल मोहित गुप्ता B.A.M.S, PG-DEMS NDDY, CCNY, CCHC
डॉ. रचना मयूर गुप्ता B.A.M.S, MD,
डॉ.अतुल तेलरांदे B.A.M.S, MD, M.I.S.R (Mum), C.C.H, C.G.O, C.S.D, C.V.D
डॉ. विनोद तिवारी बी.ए.एम.एस, पी.ओ.डी.



पुरुष 18 साल के ऊपर की उम्र के किसी भी व्यक्ती को हृदय रोग होते हुए देखे जा रहे हैं। उसका कारण आजकल की अशास्त्रीय आधुनिक जीवन शैली के अलावा कोविड-19 पैन्डेमिक भी माना जा रहा है। टॅबलेट डॉ कोलो एच और क्लीन हार्ट सिरप अत्यंत प्रभावी औषधी पायी गयी है। उपर्युक्त वर्णित हृदय रोग चाहे वह किसी भी आयु की व्यक्ति का हो उपर्युक्त वर्णित औषधियों से समूल संपूर्ण, नष्ट हो जाता है। इसके साथ स्वस्थ व्यक्ती भी अपने हृदय को स्वस्थ रखने, बीपी कोलेस्ट्रॉल को नॉर्मल रखने के हेतु से उपर्युक्त वर्णित औषधि अनुभवी वैद्यों की सलाह एवं परामर्श से सेवन कर सकते है। शिव शंकर 'आयुर्वेद एजेंसी' द्वारा निर्मित कैप-हृदय कवच और कैप-कार्डियो अमृत जैसे उत्पाद, हृदय रोगों के प्रबंधन और उपचार के लिए उत्कृष्ट विकल्प हैं। ये औषधियां न केवल हृदय स्वास्थ्य में सुधार करती हैं, बल्कि जीवन की गुणवत्ता को भी बढ़ाती हैं। योग कॉम्प्लेक्स, सिताबर्डी, टेम्पल बाजार रोड, महाजन मार्केट, नागपुर, आयुर्वेदिक दवाओं और उपचारों के साथ अधिक जानकारी और परामर्श के लिए, आप शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक और शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी से अथवा इस 9112079000 / 8605245080 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

शिवशंकर आयुर्वेद एजन्सी

नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, शुक्रवार, 5 सितंबर 2025



# जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली

## वनसडी के युवा भाजपा में शामिल



### > ग्रामीण विकास के लिए विधायक देवराव भोंगले की आगे आने की अपील

**कोरपना.**

कोरपना तालुका के वनसडी से कई युवा विधायक देवराव भोंगले के नेतृत्व पर भरोसा करते हुए भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। राजुरा स्थित विधायक भोंगले के जनसंपर्क कार्यालय में पार्टी प्रवेश समारोह बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए, विधायक देवराव भोंगले ने युवाओं से ग्रामीण विकास के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा, "युवा शक्ति किसी भी गाँव के विकास की नींव होती है।

अगर युवा राजनीति और सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लें, तो गाँव का विकास तेज़ी से हो सकता है।" वनसडी के युवाओं ने भाजपा में शामिल होकर सही कदम उठाया है और उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके माध्यम से गाँव में विकास का एक नया युग शुरू होगा। इन नए प्रवेशकों में महेश्वर कोल्हेकर, अजीत उरकुड, अमर, अनिकेत अंबेकर, विठोबा श्रीरासागर, गणेश अत्राम, गौरव, स्नेहंकित डाखरे, प्रतीक पिंपलकर, प्रणय महाकुलकर, विश्वजीत सोनटक्के, पंकज वधाई, गोपाल खोके, रोहन कोल्हेकर, वैभव पिंपलकर, हर्षल नक्शिन, करण अक्कुलवार, हर्षल पिंपलकर, भालचंद्र थेरे, वैभव खोके, मोरेश्वर शामिल हैं। उरकुडे, गणेश उरकुडे, शुभ्रोतो पिंपलकर, पवन वधाई, वैभव सोनपित्रे, रंजीत सोनटक्के, सूरज सोनटक्के, सूरज वेट्टी, श्रीकांत कवाडकर और चेतन कवाडकर। पार्टी के इस अधिवेशन में तालुका उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम भोंगले, जगदीश पिंपलकर, अजय मुंगिलवार, प्रमोद पायघन, सुधाकर ताजने, धम्मकीर्ति कापसे सहित कई प्रमुख भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विधायक किशोर जोरगेवार का बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

### > प्रशासन और भाजपा कार्यकर्ता कर रहे राहत कार्य, भारी बारिश से पडोली गांव के अमता वार्ड में 250 घर प्रभावित

**चंद्रपुर, सुनील तायडे.**









कल से हो रही भारी बारिश के कारण चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के पडोली के अमता वार्ड क्षेत्र में लगभग 250 घरों में बाढ़ का पानी घुस गया है। इस घटना में नागरिकों को काफी नुकसान हुआ है। विधायक किशोर जोरगेवार के सुझाव के बाद, भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से राहत कार्य जारी है और नागरिकों को जिला परिषद स्कूल में स्थानांतरित कर दिया गया है। इस बीच, विधायक किशोर जोरगेवार ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ क्षेत्र का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने धानोरा, पिपरी और मार्दा गाँवों का दौरा कर निरीक्षण किया। इस अवसर पर तहसीलदार विजय पवार, बीडीओ संगीता भांगड़े, भाजपा नेता नामदेव दाहुले, मंडल अध्यक्ष विनोद खेवले, नकुल वासमवार, राकेश पिंपलकर सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे. चंद्रपुर में कल से भारी बारिश जारी है। इसके कारण कई इलाकों में पानी घुस गया है और नागरिकों को काफी नुकसान हुआ है। इस बारिश से कृषि फसलों को भी काफी नुकसान हुआ है। इस बीच, आज विधायक किशोर जोरगेवार ने अधिकारियों के साथ ग्रामीण इलाकों का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पडोली के आमता वार्ड में भी स्थिति का जायजा लिया।

विधायक किशोर जोरगेवार ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुलकित सिंह से फोन पर संपर्क कर आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर उनकी भावनाओं को जाना और संबंधित अधिकारियों व प्रशासन को तत्काल कदम उठाने के स्पष्ट आदेश दिए।

फिलहाल सभी प्रभावित नागरिकों के लिए जिला परिषद स्कूल में अस्थायी व्यवस्था की गई है और उन्हें भोजन, पानी और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। बाढ़ का पानी उतरने के बाद प्रशासन नुकसान का आकलन करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। विधायक जोरगेवार ने कहा कि प्रभावित नागरिकों को यथासंभव मदद और राहत मिले, इसके लिए मैं प्रशासन के साथ लगातार समन्वय कर रहा हूं।

इस अवसर पर विधायक किशोर जोरगेवार ने बाढ़ प्रभावित गांवों धानोरा, पिपरी और मारडा का दौरा किया और वहां की स्थिति का निरीक्षण किया। कुछ क्षेत्रों में खेतों में पानी घुसने से खेतों को भी नुकसान पहुंचा है। विधायक किशोर जोरगेवार ने नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए हैं।

## 29 नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया



### > आपदा की स्थिति में 14 नगर निगम स्कूलों में शरण, नियमित जल आपूर्ति उपलब्ध होने तक जल संरक्षण की अपील

**चंद्रपुर.** भारी बारिश के कारण इराई बांध के सभी सात गेट खोल दिए गए, जिससे जलस्तर बढ़ गया और 2 सितंबर की रात शहर में कुछ जगहों पर बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। इसके चलते मनपा आपदा प्रबंधन दल ने शहर के 29 नागरिकों को महात्मा ज्योतिबा फुले स्कूल में स्थानांतरित कर उनके रहने और खाने-पीने की व्यवस्था की है। इसी तरह, इराई नदी से भारी मात्रा में गंदा पानी आने के कारण जल शोधन केंद्र को बंद कर दिया गया है और नागरिकों से पानी की आपूर्ति नियमित होने तक पानी का संयम से उपयोग करने की अपील की जा रही है। 2 सितंबर की रात रहमत नगर और घुटकाला इलाकों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई, जिसके कारण मनपा आपदा प्रबंधन दल ने इस इलाके के 29 नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया है। अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी के चलते मनपा अधिकारी और कर्मचारी 24 घंटे अलर्ट मोड पर हैं और चंद्रपुर मनपा ने नदी किनारे रहने वाले नागरिकों से बिना कोई जोखिम उठाए नज़दीकी मनपा स्कूल में शरण लेने की अपील की है। नगर निगम स्कूल में शरण लिए नागरिकों को भोजन, पेयजल, शयन, स्वास्थ्य सुविधाएँ और अन्य आवश्यक सुविधाएँ प्रदान की गई हैं। इन सभी नागरिकों की स्वास्थ्य जाँच की जा रही है और आवश्यकतानुसार प्राथमिक उपचार व दवाइयाँ दी जा रही हैं। साथ ही, फ़िल्टर प्लांट के आसपास के क्षेत्र, जहाँ बाढ़ का जलस्तर कम हुआ है, को ब्लीच और लिंडेन पाउडर लगाकर साफ़ और स्वच्छ किया गया है। बढ़ते पानी को देखते हुए, नगर निगम द्वारा सभी से सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की जा रही है और आपात स्थिति में 0717 2254614, 0717 2259406 (101), 8975 994277, 982 3107101 नंबरों पर संपर्क करें। आपदा की स्थिति में आप इन नगर निगम स्कूलों में शरण ले सकते हैं. महात्मा ज्योतिबा फुले प्राइमरी स्कूल, घुटकला वार्ड, डॉ. जाकिर हुसैन उर्दू प्राइमरी स्कूल, दादामहल वार्ड, शहीद भगत सिंह प्राइमरी स्कूल, भिवापुर वार्ड, लोकमान्य तिलक गर्ल्स प्राइमरी स्कूल, पठानपुरा रोड, लोकमान्य तिलक प्राइमरी स्कूल, कलाराम मंदिर, समाधि वार्ड, डॉ. राजेंद्र प्रसाद प्राइमरी स्कूल, भानापेठ वार्ड, महाकाली गर्ल्स प्राइमरी स्कूल, महाकाली मंदिर वार्ड, रामचंद्रनगर हिंदी प्राइमरी स्कूल, जटपुरा वार्ड, सरदार वल्लभभाई पटेल प्राइमरी स्कूल, जटपुरा वार्ड, स्वामी विवेकानंद प्राइमरी स्कूल, वंडगांव वार्ड, लालपेठ कॉलरी मराठी प्राइमरी स्कूल, बंगाली कॉलोनी, भिवापुर वार्ड, महाकाली कॉलरी प्राइमरी स्कूल, महाकाली कॉलरी, महात्मा गांधी गर्ल्स प्राइमरी स्कूल, रय्यतवारी वार्ड, पी.एम.श्री. सावित्रीबाई फुले हाई स्कूल. और माध्यमिक विद्यालय, नेताजी चौक, बाबूपेठ.

## नगर निगम के प्रशासनिक अधिकारी नागेश निट सेवानिवृत्त

**चंद्रपुर.**




चंद्रपुर महानगरपालिका के शिक्षा विभाग के प्रभारी प्रशासकीय अधिकारी नागेश निट 58 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद सरकारी नियमानुसार 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो गए। महानगरपालिका मुख्यालय में आयोजित गौरव सेवा पूर्ति समारोह में नागेश निट और उनकी पत्नी को आयुक्त विपिन पालीवाल द्वारा शॉल, माला और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सहायक शिक्षक के पद से कार्यभार ग्रहण करने के बाद, 38 वर्षों की सेवा पूरी करने के बाद, निट प्रभारी प्रशासनिक अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए। नगर निगम के स्कूलों को डिजिटल बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने और उनके शिक्षक साथियों ने विद्यार्थियों की संख्या 70 से बढ़ाकर 4040 तक पहुँचाने का काम किया। उनके कार्यकाल में ही सप्ताह में एक दिन बिना कार्यालय के स्कूल संचालित करने की पहल शुरू हुई, जिसे अब पूरे राज्य में लागू किया जा रहा है। नगर निगम के स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र आमतौर पर गरीब परिवारों से होते हैं। इन छात्रों को पढ़ाने के लिए नगर निगम के शिक्षकों ने खुद अंग्रेजी सीखी और उनके कार्यकाल में नगर निगम के छात्रों द्वारा राष्ट्रीय आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण करने की दर में भी वृद्धि हुई। कोरोना काल में छात्रों को परेशानी न हो, इसके लिए ऑनलाइन शिक्षण और जो ऑनलाइन नहीं आ सकते, उन्हें घर जाकर पढ़ाने जैसे कई प्रयासों से नागेश नीत के प्रयासों से नगर निगम के स्कूलों का स्तर ऊपर उठा। आयुक्त विपिन पालीवाल ने उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अपर आयुक्त चंदन पाटिल, उपायुक्त मंगेश खवले, मुख्य लेखा अधिकारी मनोहर बागड़े, मुख्य लेखा परीक्षक मनोज गोस्वामी, नगर अभियंता रविंद्र हजारे, सहायक आयुक्त शुभांगी सूर्यवंशी, सहायक आयुक्त अनिल कुमार घुले, सहायक आयुक्त संतोष गर्गेलवार, डॉ. नयना उत्तरवार, डॉ. अमोल शेलके, उप अभियंता रविंद्र कलंबे, चैतन्य चोरे के साथ ही सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।




## चंद्रपुर शहर में महारानी हिराई का स्मारक बनाएं




**चंद्रपुर.** गोंड राजा का इतिहास चंद्रपुर शहर से जुड़ा हुआ है। चंद्रपुर शहर की पृष्ठभूमि और इतिहास को ध्यान में रखते हुए, उषाकिरण आत्राम ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यहाँ महारानी हिराई का स्मारक बनाने और किले के चारों द्वारों का नाम गोंड राजा के नाम पर रखने की माँग की, अन्यथा विभिन्न आदिवासी संगठनों के साथ मिलकर तीव्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। चंद्रपुर ऐतिहासिक गोंड राजा की राजधानी है। यह गोंड युग का एक शहर है जिसका इतिहास 900 साल पुराना है। महारानी हिराई बीरशाह आत्राम ने अन्य राजाओं के साथ मिलकर 16 वर्षों में 13 युद्ध जीते और कई जनहित के कार्य भी किए। एक महान शासक के रूप में उनका नाम इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होना चाहिए था, लेकिन ऐसा करने के बजाय, चंद्रपुर की धरती पर उनकी उपेक्षा की जा रही है।

शहर में कहीं भी उनका कोई भव्य स्मारक नहीं है। हालाँकि अन्य लोगों का उनसे कोई लेना-देना नहीं है, फिर भी उनकी मूर्तियाँ, सड़कें और चौक उनके नाम पर रखे जा रहे हैं। इसलिए, आत्राम ने मांग की कि सरकार महारानी हिराई का एक भव्य स्मारक बनाए और शहर के किले के चारों द्वारों का नाम रानी हिराई, खांडक्या बल्लालशाह, वीर बाबूराव शेडमाके और राजा यादवशाह आत्राम के नाम पर रखे, अन्यथा उन्होंने सभी आदिवासी संगठनों के साथ मिलकर एक ज़ोरदार आंदोलन शुरू करने का संकेत दिया।




## श्री गणेश विसर्जन समारोह के लिए नगर निगम तैयार

### > आयुक्त ने विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया, नगर नियंत्रण समिति के अंतर्गत 100 अधिकारी कार्यरत, प्रियदर्शिनी चौक से जटपुरा गेट तक के क्षेत्र में दुकानें लगाने पर रोक.

**चंद्रपुर.** अनंत चतुर्दशी पर शहर में आयोजित होने वाले श्री गणेश विसर्जन समारोह के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए चंद्रपुर नगर निगम के 100 अधिकारी आयुक्त विपिन पालीवाल के मार्गदर्शन में काम कर रहे हैं।



विसर्जन के दिन भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने विसर्जन के दिन प्रियदर्शिनी चौक से जटपुरा गेट तक जिला परिषद के एक तरफ दुकानें लगाने पर रोक लगा दी है। आयुक्त विपिन पालीवाल ने विसर्जन स्थल का निरीक्षण कर सभी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रशासन शहर में विसर्जन मार्ग पर बारिश के कारण बने गड्ढों को भरने का काम कर रहा है ताकि विसर्जन सुचारू रूप से हो सके। विसर्जन जुलूस के मार्ग और परिवहन व्यवस्था की जानकारी नागरिकों तक पहुँचाई जा रही है।

जुलूस के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए विसर्जन मार्गों पर जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। विद्युत विभाग द्वारा शहर भर में सभी कृत्रिम सरोवरों, जटपुरा गेट, मुख्य मार्ग, विसर्जन मार्ग, विसर्जन स्थल एवं आवश्यक स्थानों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं जनरेटर की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

स्वास्थ्य विभाग विसर्जन स्थल पर पूर्णकालिक चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराएगा तथा गांधी चौक, जटपुरा गेट एवं दाताला रोड स्थित मुख्य विसर्जन स्थल पर एम्बुलेंस की व्यवस्था की जा रही है। गणेश मंडलों के स्वागत हेतु जटपुरा गेट पर मंडप एवं मंच स्थापित किया जाएगा। यांत्रिक विभाग द्वारा वाहनों की व्यवस्था की जा रही है तथा विसर्जन स्थल पर आवश्यक पेयजल एवं मोबाइल शौचालयों की व्यवस्था चालू रखी जाएगी।



# सैयारा ने कमाए 576 करोड़ वर्ल्डवाइड

साल 2025 में यूं तो कई सारी फिल्में आई हैं. लेकिन जिस बॉलीवुड फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा चौंकाया है वो सैयारा ही है. 40 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म का कलेक्शन काफी शानदार गया. अभी तक भी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तैनात है और धीरे-धीरे अपने कलेक्शन को आगे बढ़ा रही है. फिल्म की कमाई के ताजा आंकड़े आ गए हैं. इस फिल्म ने हाल ही में तीन बड़े सुपरस्टार्स की बड़ी फिल्मों को धूल चटा दी है.

आइए जानते हैं कि रिलीज के 48 दिन के बाद सैयारा का वर्ल्डवाइड कलेक्शन कितना रहा है.48 दिनों में सैयारा फिल्म ने भारत में 329.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है. वहीं फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 398.25 करोड़ रुपए का हो गया है. इस लिहाज से रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म ने डोमेस्टिक कलेक्शन के लिहाज से 14वां स्थान हासिल कर लिया है. फिल्म ने सलमान खान की सुल्तान और दीपिका पादुकोण की पद्मावत को पीछे छोड़ दिया है. वहीं फिल्म की कमाई विदेशों में भी काफी शानदार रही है.सैयारा फिल्म ने अब तक कई बड़े स्टार्स के कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है. आमिर, सलमान और शाहरुख खान की मूवीज भी इस फिल्म के आगे टिकती नजर नहीं आ रही हैं. फिल्म ने शाहरुख खान की साल 2023 में आई फिल्म डंकी को पीछे छोड़ दिया है.

इस फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 454 करोड़ रुपए का था.

वहीं फिल्म ने आमिर खान की 3 ईडियट्स को काफी पीछे छोड़ दिया है. इस फिल्म ने रिलीज के 70 दिनों में दुनियाभर में 460 करोड़ रुपए कमा लिए हैं. वहीं सलमान खान की फिल्म टाइगर जिंदा है की बात करें तो इस फिल्म ने रिलीज के 49 दिनों में दुनियाभर में 558 करोड़ रुपए कमाए थे. इस फिल्म को भी सैयारा ने आराम से पीछे छोड़ दिया है. अब सैयारा 570 करोड़ कमा चुकी है और 600 करोड़ की ओर धीरे-धीरे बढ़ रही है.



# लारा की किताब का टाइटल सुन घबराए पति महेश

**भारत की दूसरी मिस यूनिवर्स बनकर देश का नाम रोशन करेन वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस लारा दत्ता अपने बेहतरीन एक्टिंग के साथ-साथ मजेदार सेंस ऑफ ह्यूमर के लिए भी जानी जाती हैं. एक्ट्रेस फिल्मों के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती और अक्सर ऐसे पोस्ट शेयर करती हैं, जो फैंस का खूब मनोरंजन करते हैं.**

इसी बीच एक्ट्रेस ने एक नया वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने उस किताब के बारे में बताया जिसका नाम सुनकर उनके पति महेश भूपति न सिर्फ हैरान रह गए बल्कि वह परेशान भी हो गए.लारा दत्ता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह अपनी बुक रीडिंग हॉबी के बारे में बता रही हैं. उन्होंने बता कि, 'मैं हमेशा से मनोरंजन और आसान किताबें पढ़ती हूं. कई बार मैं प्लेन या ट्रैवल करती हूं तब किताबें पढ़ती हूं और इससे कई लोगों को आश्चर्य भी होता है. मैं जो किताबें पढ़ती हूं लोग उसे लेकर जज भी करते हैं, वो मुझे शक्की नजरों से देखते हैं. यही वजह है कि मैं एक बुक शेयर करना चाहती हूं. सुपर लाइट और फन भी है. मैंने पूरे टाइम इसे एन्जॉय किया, उस किताब का नाम है कैसे अपने परिवार को जान से मारें.'एक्ट्रेस ने वीडियो में आगे हंसते हुए इस बुक को लेकर पति महेश भूपति के रिएक्शन के बारे में बताया. उन्होंने कहा, 'जब मेरे पति ने मुझे इसे पढ़ते हुए देखा, वह थोड़ा परेशान हो गए थे. वह परेशान थे कि आखिर इस बुक का कंटेंट क्या होगा?

# दीपिका की अदाओं पर फिसला रणवीर का दिल

**बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा दीपिका पादुकोण आज हर जगह नाम कमा रही हैं. दीपिका हमेशा अपने किलर अंदाज से हर किसी को घायल कर देती हैं. फैंस उनके स्टाइल पर मर मिटते हैं और इस मामले में उनके पति और एक्टर रणवीर सिंह भी कम नहीं हैं. वो भी दीपिका के बहुत बड़े फैन हैं और दीपिका पर अपनी जान लुटाते हैं.**

हाल ही में हुए LVMH प्राइज इवेंट में दीपिका भारत की पहली ज्यूरी मेंबर बनकर पहुंचीं थी. इस इवेंट में उनका लुक और स्टाइल हमेशा की तरह चर्चा में रहा. एक्ट्रेस ने अपने सोशल हैंडल पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसपर रणवीर सिंह ने उन्हें 'हॉट मामा कहा है.दरअसल कई ग्लोबल लग्जरी ब्रांड्स दीपिका को साइन कर चुके हैं. साल 2022 में दीपिका को लुई वीटॉन और कार्टियर ने साइन किया था. ऐसा करने वाली वो पहली इंडियन स्टार बनी थीं. वहीं हाल ही 2025 में दीपिका को एलवीएमएच प्राइज की ज्यूरी में शामिल किया गया है. ऐसा करने वाली वो पहली भारतीय महिला हैं. पिछले साल नैटली पोर्टमैन इस इवेंट में स्पेशल ज्यूरी का हिस्सा बनी थीं.हाल ही में दीपिका ने एलवीएमएच इवेंट से अपनी कुछ शानदार तस्वीरें शेयर की, जो अब जमकर वायरल हो रही हैं. इस पोस्ट पर एक्ट्रेस की खूब तारीफ मिल रही हैं. फैंस उनका कातिलाना लुक देखकर खुद को रोक नहीं पा रहे हैं. हर एक तस्वीर में दीपिका का किलर अंदाज नजर आ रहे हैं. ऐसे में उनके फैंस उनपर जमकर प्यार लुटा रहे हैं. एक्टर रणवीर सिंह भी अपनी पत्नी को हमेशा सपोर्ट करते दिखते हैं.



# प्रियंका हुईं डिलीवरी बॉय की फैन

सोशल मीडिया पर अक्सर कोई ना कोई नया ट्रेंड वायरल होता रहता है। हरिद्वार के एक ब्लिंकिट डिलीवरी बॉय बेंजामिन रायन गौतम ने अपने मजेदार वीडियो से इंटरनेट पर धूम मचा रखी है। खास बात यह है कि बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक का नाम रोशन करने वाली प्रियंका चोपड़ा भी उनके फैन बन गई हैं। हाल ही में बेंजामिन के इंस्टाग्राम पर 1 लाख फॉलोवर्स की संख्या पार हुई तो उन्होंने खुशी में केक काटा और ऊपरवाले को शुक्रिया कहा। उनकी इस रील पर एक खास कमेंट आया और वो कमेंट था प्रियंका चोपड़ा जोनस का उन्होंने कमेंट में लिखा- 'बधाई हो मैं तुम्हारी फैन हूं'। बस फिर क्या था, बेंजामिन की खुशी का भी ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने रिप्लाई करते हुए लिखा- 'कोई मुझे चुटकी काटो, ये कोई सपना तो नहीं, प्रियंका चोपड़ा मैम ने मुझे बधाई दी है, मैं आपको देखकर बड़ा हुआ हूं और अब मेरा मन खुशी के मारे चिल्ला रहा है, मैं आपको एडमायर करता हूं, मैं आपका बहुत बड़ा फैन हूं।'


# पल्लवी जोशी ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

- की फिल्म रिलीज की अपील

फिल्ममेकर विवेक रंजन अग्निहोत्री की द बंगाल फाइल्स की कहानी बेहद गहरी है। दरअसल, इस फिल्म की कहानी 16 अगस्त 1946 को कलकत्ता में हुए डायरेक्ट एक्शन डे पर आधारित है। फिल्म विवेक रंजन अग्निहोत्री की सच को सामने लाने वाली जानी मानी ट्रिलॉजी की आखिरी कड़ी है, जिसमें 'द ताशकंद फाइल्स' और 'द कश्मीर फाइल्स' का नाम शामिल है। जहां फिल्म का टीजर सामने आते ही देश को झकझोर गया था, वहीं ट्रेलर ने तो मानो सबको अंदर तक हिला दिया। इसमें जिस तरह से सच्चाई को सामने रखा गया है, उसने दर्शकों को हैरान कर दिया है। फिल्म कल रिलीज होने जा रही है, ऐसे में प्रोड्यूसर-एक्टर पल्लवी जोशी ने भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को एक चिट्ठी लिखी है। इस चिट्ठी में उन्होंने राष्ट्रपति से दखल देने की अपील की है ताकि फिल्म बंगाल में रिलीज की जा सके। दरअसल, आरोप यह है कि राजनीतिक दबाव के चलते मल्टीप्लेक्स चेन ने फिल्म को स्क्रीन करने से इनकार कर दिया है।




पल्लवी जोशी ने अपने सोशल मीडिया पर भी एक नोट शेयर किया, जो भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को संबोधित था। इस नोट में उन्होंने अपील की कि हमारे संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की जाए और फिल्म की रिलीज बंगाल में सुनिश्चित की जाए। नोट के साथ पल्लवी जोशी ने कैप्शन भी लिखा है - 'अर्जेंट अपील राष्ट्रपति महोदया, द बंगाल फाइल्स के प्रोड्यूसर के तौर पर, मैं बहुत दुखी हूं कि बंगाल में मल्टीप्लेक्स सिनेमाघरों ने रूलिंग पार्टी के राजनीतिक दबाव और धमकी की वजह से फिल्म को रिलीज करने से इनकार कर दिया है। मैं आपसे मेरे संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने और बंगाल में फिल्म की रिलीज सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करने की गुजारिश करती हूं।




# बागी 4 को सेंसर बोर्ड से झटका

2025 के बचे हुए महीने में कई बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देंगी. जिसमें ऑडियंस को खूब एक्शन और खून खराबा देखने को मिलने वाला है. 5 सितंबर को टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त की 'बागी 4' आ रही है. जिसके लिए एडवांस बुकिंग चल रही है. पहले दिन की एडवांस बुकिंग से महज 5.21 करोड़ का फायदा हुआ है. वो भी ब्लॉक सीट के साथ. यूं तो वॉयलेंस के चलते फिल्म को पहले ही ए सर्टिफिकेशन मिल गया था. अडल्ट रेटिंग के बाद भी सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म को बड़ा झटका दे दिया. कुल 23 सीन फिल्म से काटे गए हैं.दरअसल टाइगर श्रॉफ की फिल्म रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है. जहां ट्रेलर में टाइगर खूब एक्शन करते दिखे, तो संजय दत्त भी फुल खून खराबे में उतर गए. यहां तक कि पिक्चर की लेडीज भी एक्शन और खूनम-खून करने में पीछे नहीं हैं. हालांकि, फिल्म से 23 सीन और ऑडियो पर जांच कमिटी ने कट लगाए हैं. फिल्म में एक सीन है, जहां हीरो कॉफिन में खड़ा होता है. इस सीन को डिलीट किया है. जबकि, दूसरे सीन में फिल्म का एक कैरेक्टर 'निरंजन दीये' से सिगरेट जलाता है. जिसके बाद इसी ने मेकर्स को 1 सेकंड का शॉट उड़ाने के लिए कह दिया. साथ ही लड़की को गलत तरह से छूने वाले सीन को भी हटाने के लिए कहा है. इसमें एक न्यूड सीन भी शामिल है. जिसे सीबीएफसी की तरफ से छिपाया गया था. वहीं नीचे दी लिस्ट में शामिल ये सीन भी हटाए गए हैं. इसके अलावा हाथ काटने के साथ ही गुंडों को मारने वाले 2 सीन भी हटाए हैं. वहीं एक सीक्वेंस में 11 सेकंड तक खूब खून खराबा था, जिसे हटाने के आदेश दिए गए हैं. वहीं आखिर में किसी के सिर पर तलवार से हमला करने वाला सीन भी हटाया. वहीं सीन के साथ ही ऑडियो पर भी कट लगाए गए हैं. जिसमें पुलिस की तरफ से इस्तेमाल किए गलत शब्द को हटाया गया है. वहीं फिल्म के एक डायलॉग में कंडोम शब्द इस्तेमाल हुआ है, जिसे म्यूट किया गया है. 'तेरा वजूद ही मिट जाएगा गॉड' डायलॉग की जगह 'सब देखते रह जाएंगे' किया गया. साथ ही 'वो भी डरता है मुझसे' डायलॉग हटाया और 'डॉन खोके, एकदम ओके' को म्यूट कर दिया गया है.

# तलाक के बाद भी ईशा देओल का जबरदस्त ठाठ

ईशा देओल की तलाक को सालों को हो चुके हैं और अब वो किसी ना किसी वजह से खबरों में रहती हैं। हाल ही में उनके पति भरत तख्तानी ने अपनी नई गर्लफ्रेंड को लेकर खुलासा किया था जिसके बाद से फिर ईशा देओल खबरों में आ गई हैं। क्या आप जानते हैं कि तलाक के बाद भी ईशा देओल की लाइफस्टाइल कैसी है और वो कैसा जीवन जीती है। अगर नहीं तो इस आर्टिकल में हम आपको उनके बारे में कुछ ऐसी बातें बताएंगे जो कि आपको हैरान करने के लिए काफी है। एक्स हसबैंड से ज्यादा नेटवर्थ और किन कारों की मालकिन हैं ईशा देओल? ये सब आपको दंग करने के लिए काफी है। ईशा देओल धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की बेटी हैं और इसके अलावा उन्होने फिल्मों और टीवी में काफी काम किया है। रिपोर्ट्स की मानें तो ईशा देओल की नेटवर्थ करीब 180 करोड़ रुपए है जबकि उनके एक्स पति भरत तख्तानी की नेटवर्थ 165 करोड़ की है। ईशा देओल को महंगी कारों का शौक है। उनके पर बीएमडब्ल्यू, मर्सडीज और ऑडी जैसी कारें



हैं जिनकी कीमत करोड़ों में है। ईशा देओल काफी लग्जरी घर में रहती हैं और उनको किसी चीज की कोई कमी नहीं है। बता दें कि ईशा की दो बेटियां हैं जिनका नाम राध्या और मिराया है। ईशा देओल पति से अलग होने के बाद मां हेमा के साथ रहती हैं और लाइमलाइट से पूरी तरह दूर हैं।

# पंजाब की सड़कों पर रणदीप मदद करते आए नजर

पंजाब में आई बाढ़ की तबाही के बीच, अभिनेता रणदीप हुड्डा ने गुरदासपुर में प्रभावित परिवारों का साथ देने के लिए कदम बढ़ाया है। पिछले कुछ हफ्तों से भारी बारिश और नदियों के उफ़ान ने पंजाब को बुरी तरह प्रभावित किया है।

इस आपदा ने हज़ारों परिवारों को बेघर कर दिया, घर, फसलें, पशुधन और रोजगार तक सब तबाह कर दिया। गुरदासपुर उन ज़िलों में से एक है जहाँ लोग अब भी मुश्किल हालात से जूझ रहे हैं। रणदीप हुड्डा लंबे समय से ग्लोबल सिख्स एनजीओ के फ़ाउंडर अमरप्रीत सिंह और अपने क़रीबी दोस्त मनिंदर सिंह के साथ जुड़े हुए हैं। कश्मीर से लेकर केरल तक, मणिपुर से लेकर महाराष्ट्र और अब पंजाब-यह टीम पिछले 10 सालों से हर संकट की घड़ी में राहत पहुंचा रही है। "रणदीप हमेशा से ऐसे कठिन समय में लोगों के साथ खड़े रहना चाहते हैं।

# शनाया निभाएंगी डबल रोल 'स्टूडेंट ऑफ दी ईयर' में'

स्टूडेंट ऑफ दी ईयर और स्टूडेंट ऑफ दी ईयर 2 के बाद फैंस लंबे वक्त से इसके तीसरे पार्ट का इंतज़ार कर रहे थे. पर इसका तीसरा पार्ट फिल्म नहीं बल्कि एक वेब सीरीज के तौर पर बनाया जा रहा है. स्टूडेंट ऑफ दी ईयर वेब सीरीज में शनाया कपूर लीड एक्ट्रेस होंगी.साल 2012 में आई स्टूडेंट ऑफ दी ईयर फ्रेंचाइज के पहले पार्ट से आलिया भट्ट, वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा जैसे कलाकारों ने फिल्मी दुनिया में कदम रखा था.इसके बाद दूसरे पार्ट में टाइगर श्रॉफ के साथ अनन्या पांडे और तारा सुतारिया नजर आई थीं. अब जो वेब सीरीज बनने जा रही है, उसमें शनाया दिखेंगी. पर खास बात ये है कि इसमें शनाया का डबल रोल होने वाला है.किसी भी एक्टर के लिए डबल रोल करना आसान नहीं होता. ऐसे में इंडस्ट्री में नई नई आईं शनाया के लिए भी ये काफी चैलेंजिंग होने वाला है. हालांकि इस



सीरीज की कहानी क्या होगी इस बारे में कोई जानकारी नहीं आई है.कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि स्टूडेंट ऑफ दी ईयर सीरीज में शनाया के अलावा एक्ट्रेस अलाया एफ भी नजर आएंगी. हालांकि इसमें हीरो का रोल कौन निभाएगा इस बारे में जानकारी नहीं आई है.स्टूडेंट ऑफ दी ईयर फ्रेंचाइज हमेशा से काफी पॉपुलर रहा है. दोनों ही फिल्मों को करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन ने प्रोड्यूस किया था. हालांकि जैसा कमाल इसके पहले पार्ट ने दिखाया था.

# अनुपमा' के सिर सजा नंबर 1 का ताज

जमाना चाहे कितना ही बदल जाए, लेकिन टीवी शोज को लेकर दर्शकों का क्रेज नहीं बदलने वाला है. आज भी आम लोग टीवी शोज को देखने में काफी दिलचस्पी दिखाते हैं. क्योंकि इन शोज की किस्मत का फैसला भी उन्हीं के हाथों में होता है. तो बिना देर किए जानते हैं कि इस हफ्ते TRP की रेस में किसने बाजी मारी है.अनुपमा- टीवी शो अनुपमा ने लोगों के दिलों में अपनी जगह इतनी पक्की कर रखी है कि चाहकर भी कोई दूसरा शो उसे हिला नहीं पाता है. भले ही अनुपमा बीच-बीच में TRP रेस में थोड़ा पीछे रह जाता है, लेकिन



टॉप 3 में बना रहता है. इस हफ्ते भी अनुपमा नंबर 1 पर बना हुआ है. अनुपमा की इस हफ्ते की टीआरपी रेटिंग 2.3 है.ये रिश्ता क्या कहलाता है - सालों से चला आ रहा शो ये रिश्ता क्या कहलाता है में कई लीप आ चुके हैं और ना जाने कितने ही सितारे बदले जा चुके हैं. लेकिन इस शो को देखने वाले दर्शक कम नहीं हुए हैं. हर बार नए ट्विस्ट के चलते शो की टीआरपी बढ़ जाती है. इस बार ये रिश्ता क्या कहलाता है 2.0 की रेटिंग के साथ नंबर 2 पर है.क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 - पहले ही हफ्ते में टीआरपी में नंबर 1 की कुर्सी हासिल करने वाला एकता कपूर का शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 इस हफ्ते तीसरे नंबर पर आ गया है. पहले हफ्ते के बाद ये शो दोबारा नंबर 1 नहीं हुआ है. इस हफ्ते इस शो को 1.9 की टीआरपी मिली है.तारक मेहता का उल्टा चश्मा - सालों से लोगों को एंटरटेन करता हुआ रहा शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा इस हफ्ते टॉप 3 से बाहर होकर नंबर 4 पर आ गया है. इस शो को देखने वालों की कोई कमी नहीं है. कई स्टार्स के शो छोड़ने के बाद भी ये कॉमेडी शो लगातार चलता जा रहा है. इस हफ्ते इसे 1.9 की रेटिंग मिली है.

# दलीप ट्रॉफी में खलील का कहर

## यशस्वी भी बाएं हाथ के गेंदबाज के सामने फेल



**नई दिल्ली.** इंग्लैंड दौरे के बाद एशिया कप के लिए भारतीय टीम से बाहर किए जाने के बाद श्रेयस अय्यर को पूर्व क्रिकेटरों और प्रशंसकों का पूरा समर्थन मिला आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन के बाद, सभी को लगा था कि वह दुबई के लिए उड़ान भरेंगे, लेकिन बीसीसीआई ने उन्हें रिजर्व खिलाड़ियों में भी शामिल नहीं किया अय्यर चयनकर्ताओं को गलत साबित करने के लिए अड़े रहे होंगे और दलीप ट्रॉफी में उनको मौका भी मिल गया , लेकिन अपने पहले ही मौके पर वह लड़खड़ा गए.

क्रिकेट जानकारों मानते हा कि अय्यर जैसे स्तर के खिलाड़ी को भारत के लिए तीनों प्रारूपों में खेलना चाहिए. वनडे में श्रेयस की जगह पक्की है पर बाकी दोनों टीमों में से किसी का भी हिस्सा नहीं हैं. भारत के लिए छठे नंबर की चुनौती को देखते हुए, वह टेस्ट टीम में भी जगह पाने के हकदार हो सकते है. गौतम गंभीर की कोचिंग वाली टीम ने करुण नायर और कई अन्य विकल्पों को आजमाया, लेकिन इंग्लैंड में यह कारगर नहीं रहा. हालाँकि,अय्यर को दलीप ट्रॉफी में अपने पहले ऑडिशन में पूरी ताकत झोंकनी पड़ी. उन्होंने अपनी तरफ से पूरी कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे. दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में सेंट्रल ज़ोन की मज़बूत टीम के खिलाफ वेस्ट ज़ोन का प्रतिनिधित्व करते हुए, अय्यर रुतुराज गायकवाड़ और आर्य देसाई के बीच 82 रनों की साझेदारी के बाद पाँचवें नंबर पर बल्लेबाज़ी करने आए.

अय्यर ने अपने स्वाभाविक अंदाज़ में अपनी सफ़ेद गेंद वाली शैली अपनाई और अपना दबदबा बनाने की कोशिश की. दुबे के खिलाफ़ अय्यर ने 13 गेंदों में 16 रन बनाए और फिर खलील अहमद की गेंद पर चौका भी जड़ा. हालाँकि, चेन्नई सुपर किंग्स के इस तेज़ गेंदबाज़ ने अय्यर की पारी समय से पहले ही समाप्त कर दी और उन्हें क्लीन बोल्ड कर दिया. लगभग 90 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाज़ी करने के बावजूद, अय्यर 28 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हो गए. इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अय्यर आक्रामक खेलना पसंद करते हैं पर सेलेक्टर्स को इंपप्रेस करने के लिए उनको बड़े स्कोर बनाने पड़ेंगे तभी उनके लिए टेस्ट टीम के दरवाजे खुलेंगे.

**जायसवाल भी सस्ते में निपट गए**

यशस्वी जायसवाल का दलीप ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में टिकना सिर्फ़ तीन गेंदों तक चला, क्योंकि खलील अहमद ने उन्हें पहले ही

ओवर में आउट कर दिया. जायसवाल ने मैच की पहली गेंद पर चौका लगाया, लेकिन जल्द ही बाएँ हाथ के तेज़ गेंदबाज़ ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया उन्होंने शुरुआती परिस्थितियों का अच्छा फ़ायदा उठाया और फॉर्म में चल रहे भारतीय सलामी बल्लेबाज़ को निराश करके वापस भेज दिया.

# आरसीबी-केकेआर मैच का बड़ा नियम उल्लंघन



**नई दिल्ली.** इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के मैच के दौरान एक नियम तोड़ा गया था. इस नियम को जानबूझकर तोड़ा गया था. इस खुलासा होने पर सभी क्रिकेट फैंस चौंक गए हैं. साल 2008 में आईपीएल की शुरुआत हुई थी और धीरे-धीरे ये लीग दुनिया को अपना दीवाना बनाती गई.अब आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी लीग है और इसमें खेलने का सपना हर क्रिकेटर का होता है.

इस लीग को बड़ा बनाने में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अलावा आईपीएल के पहले चेयरमैन ललित मोदी का बहुत बड़ा हाथ था. अब ललित मोदी ने एक पॉडकास्ट के दौरान एक ऐसा खुलासा किया है, जिससे सभी लोग हैरान हो गए हैं.

एक पॉडकास्ट के दौरान आईपीएल पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने माइकल क्लार्क के सामने एक बड़ा खुलासा किया. साल 2008 में आईपीएल की शुरुआत हुई थी. पहला मैच आरसीबी और केकेआर के बीच खेला जाना था. इस दौरान ललित मोदी ने पहले मुकाबले को हर जगह दिखाने के लिए एक बड़ा नियम तोड़ दिया था.

उन्होंने बताया कि पहले आईपीएल के ब्रॉडकास्टिक राइट्स सोनी नेटवर्क के पास था, लेकिन उसके पास पर्याप्त रीच नहीं थी. इसको देखते हुए मैंने एक नियम को तोड़ने का फैसला किया. उन्होंने बताया कि व्यूवरशिप और आईपीएल को लोकप्रिय बनाने के लिए सभी न्यूज चैनल और दुनियाभर के स्पोर्ट्स चैनल्स के लिए टेलिकास्ट को फ्री कर दिया था.

ललित मोदी ने बताया, "सब कुछ उस एक मैच पर निर्भर था. मैंने उस दिन सभी नियम तोड़ दिए. मैंने सोनी के साथ एक विशेष कॉन्ट्रैक्ट पर साइन किए, लेकिन सोनी की रीच नहीं थी. मैंने कहा कि सिग्नल खोलो. अब ये हर जगह उपलब्ध था, है ना? और मैंने उन सभी प्रसारकों से कहा जो बिड हार गए थे, आप सभी, सभी समाचार चैनल, लाइव हो जाओ".

# आईपीएल देखना अब जेब पर भारी!


### टिकट दामों में बढ़ोतरी तय



**नई दिल्ली.** गुड्स एंड सर्विस टैक्स की नई दरों का असर अब क्रिकेट पर भी पड़ने जा रहा है. दुनिया की सबसे बड़ी लीग इंडियन प्रीमियर लीग के टिकट महंगे होने जा रहे हैं. इसकी वजह से स्टेडियम में जाकर मैच देखने पर फैंस की जेब और ढीली हो जाएगी. फाइनेंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में 3 सितंबर को नई दिल्ली में हुई जीएसटी काउंसिल की मीटिंग में आईपीएल के टिकट पर जीएसटी बढ़ाने का निर्णय लिया गया. इसमें 12 पर्सेंट की बढ़ोतरी की गई है. आईपीएल 2026 के दौरान इसका असर देखने को मिल सकता है. जीएसटी काउंसिल की मीटिंग में आईपीएल के टिकट पर 40 पर्सेंट जीएसटी लगाने का फैसला किया गया. पहले ये 28 पर्सेंट था. इससे आईपीएल के टिकट हो ज्यादा महंगे हो सकते हैं. इसका सीधा असर टिकट फैंस की जेब पर पड़ेगा. अगर वो मैच देखने के लिए स्टेडियम में जाते हैं तो उन्हें टिकट लेने के लिए और ज्यादा कीमत चुकानी होगी.

IPL टिकट की कीमत बढ़ने पर स्टेडियम में फैंस की कमी देखने को मिल सकती है. आईपीएल मैचों के दौरान बड़ी संख्या में फैंस स्टेडियम में जाकर मुकाबले का मजा लेते हैं, लेकिन अब उनकी संख्या में कमी हो सकती है. इससे आईपीएल की लोकप्रियता पर असर पड़ सकता है. वहीं दूसरी ओर मान्यता प्राप्त खेल आयोजनों पर जीएसटी नहीं लगाया गया है. यदि किसी मान्यता प्राप्त खेल आयोजन के टिकट की कीमत 500 रुपये है तो उस पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा, जबकि उससे अधिक के कीमत वाले टिकटों पर 18 पर्सेंट जीएसटी लगेगा. इसके अलावा जीएसटी काउंसिल ने सट्टेबाजी, जुए, लॉटरी, घुड़दौड़ और ऑनलाइन मनी गेमिंग जैसी गतिविधियों पर भी 40 पर्सेंट जीएसटी लगाने का फैसला किया है.

# 2025 में डब्ल्यूडब्ल्यूई के टॉप कमाऊ रेसलर कौन?



**नई दिल्ली**. डब्ल्यूडब्ल्यूई के सुपरस्टार्स अब सिर्फ रिंग में ही नहीं बल्कि कमाई के मामले में भी नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। 2025 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले रेसलर्स की लिस्ट में कई बड़े नाम शामिल हैं। इन सभी सुपरस्टार्स ने अपनी मेहनत और लोकप्रियता से इस मुकाम को हासिल किया है, लेकिन इस लिस्ट में जॉन सीना का नाम टॉप 5 में शामिल नहीं है, जो काफी हैरान करने वाला है। ऐसे में आइए जानते हैं 2025 के टॉप 5 सबसे ज्यादा कमाई करने वाले डब्ल्यूडब्ल्यूई सुपरस्टार्स कौन हैं।

1. रोमन रेंस: ट्राइबल चीफ के नाम से मशहूर रोमन रेंस 15 मिलियन डॉलर की सालाना कमाई के साथ इस लिस्ट में पहले स्थान पर हैं। यह रकम किसी भी फुल-टाइम सुपरस्टार से ज्यादा है। रोमन ने अपनी एक खास पहचान बनाई है, जिसे उन्होंने सालों तक बनाए रखा है। उनकी दमदार रिंग परफॉर्मेंस और शानदार कहानी ने उन्हें कंपनी में सबसे ऊपर पहुंचा दिया है।

2. कोडी रोड्स: द अमेरिकन नाइटमेयर के नाम से मशहूर कोडी रोड्स 10 मिलियन डॉलर की कमाई के साथ दूसरे नंबर पर हैं। वह फिलहाल अनडिस्प्यूटेड डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन हैं। कोडी ने 2006 में डब्ल्यूडब्ल्यूई में डेब्यू किया था, लेकिन कंपनी में उनकी वापसी ने उनके करियर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनकी मर्चेंडाइज सबसे ज्यादा बिकती है और जब भी वह रिंग में आते हैं, तो दर्शकों में जोश भर जाता है।

3. रैंडी ऑर्टन: लेजेंड किलर रैंडी ऑर्टन इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। उन्हें डब्ल्यूडब्ल्यूई से साल में 10 मिलियन डॉलर की कमाई होती है।

वह अपनी महानता और रेसलिंग की दुनिया पर अपने प्रभाव के लिए जाने जाते हैं। सिर्फ 24 साल की उम्र में सबसे कम उम्र के डब्ल्यूडब्ल्यूई वर्ल्ड हैवीवेट चैंपियन बनकर उन्होंने इतिहास रचा था। अपने दो दशक से ज्यादा लंबे करियर में वह 10 बार डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन और 4 बार वर्ल्ड हैवीवेट चैंपियन रहे हैं। कंपनी उनकी लोकप्रियता को देखते हुए लगातार उन पर निवेश कर रही है।

4. सैथ रॉलिंस: द आर्किटेक्ट के नाम से जाने जाने वाले सैथ रॉलिंस 9 मिलियन की सालाना कमाई के साथ चौथे स्थान पर हैं।

# धोनी पहुंचे खास खिलाड़ी का मैच देखने




**नई दिल्ली.** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अमेरिका में यूएस ओपन का मैच देखते हुए नजर आए. उन्होंने टेनिस के उस दिग्गज खिलाड़ी का मैच देखा, जो अब तक 1665 करोड़ रुपये जीत चुका है. इस खिलाड़ी ने यूएस ओपन 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है. महेंद्र सिंह धोनी जहां जाते हैं, वहां छा जाते हैं. अब उनका यूएस ओपन देखते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वो फैंस के बीच क्वार्टरफाइनल मैच देखते हुए नजर आए. इस मुकाबले में दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने टेलर फ्रिट्ज को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई.

इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से खेलने वाले महेंद्र सिंह धोनी ने न्यूयॉर्क में यूएस ओपन 2025 के दौरान नोवाक जोकोविच का मैच देखा. व्यवसायी हितेश सांघवी ने बाद में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर धोनी के साथ एक तस्वीर और जोकोविच के मैच की एक क्लिप साझा की. इस क्वार्टरफाइनल मुकाबले में जोकोविच ने फ्रिट्ज को 6-3, 7-5, 3-6, 6-4 से हराया.जोकोविच इस सीजन में सभी चार प्रमुख टूर्नामिंटों में कम से कम सेमीफाइनल तक पहुंच चुके हैं. उनका सेमीफाइनल में कार्लोस अल्काराज से सामना होगा, जिन्हें उन्होंने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में हराकर गोल्ड जीता था और फिर इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में हराकर उन्हें बाहर कर दिया था. दरअसल, 22 वर्षीय खिलाड़ी के खिलाफ जोकोविच रिकॉर्ड 5-3 का है. टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी हमेशा सुर्खियों में छाए रहते हैं.

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी हमेशा ही सुर्खियों में रहते हैं. इस समय उनके IPL 2026 में खेलने या न खेलने को लेकर तमाम तरह की खबरें सामने आ रही हैं. हालांकि उन्होंने अभी तक आईपीएल से रिटायरमेंट की ऐलान नहीं किया है. आईपीएल 2025 में महेंद्र सिंह धोनी का प्रदर्शन काफी खराब रहा था.

इस सीजन में उन्होंने 14 मैच खेले. इसमें उन्होंने 24.50 की औसत से केवल 196 रन बनाए थे. इसके अलावा उनकी टीम सीएसके का प्रदर्शन भी काफी खराब रहा और टीम पॉइंट्स टेबल में सबसे निचले पायदान पर रही थी. अब धोनी के आईपीएल 2026 में खेलने को लेकर तमाम तरह की अटकलें लगाई.

# एशिया कप के लिए यूएई की टीम का ऐलान



**नई दिल्ली.** एशिया कप के लिए यूएई की टीम ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है. इस टीम में 17 खिलाड़ी चुने गए हैं जिसकी कप्तानी मुहम्मद वसीम को मिली है. मुहम्मद वसीम यूएई के धाकड़ बल्लेबाजों में से एक हैं, वो पिछले दो सालों से टी20 क्रिकेट में कमाल प्रदर्शन कर रहे हैं और 2023 में ही उन्हें टी20 टीम की कप्तानी मिली थी और एशिया कप जीतने के लिए अब यूएई ने उनपर ही भरोसा दिखाया है. यूएई की टीम की बात करें तो वो ग्रुप ए में भारत, ओमान और पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलेगी. यूएई का पहला मैच 10 सितंबर को भारत से है. ये मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में होगा.

मुहम्मद वसीम (कप्तान), आलीशान शराफू, आर्यांश शर्मा, आसिफ खान, ध्रुव पराशर, इथा डिसूजा, हैदर अली, हर्षित कौशिक, जुनैद सिद्दीकी, मतिउल्लाह खान, मुहम्मद फारूक, मुहम्मद जवादुल्लाह, मुहम्मद जोहेब, राहुल चोपड़ा, रोहिद खान, सिमरनजीत सिंह और सागिर खान.

मुहम्मद वसीम को यूएई का कप्तान मिली है जो कि यूएई ही नहीं पूरे गल्फ के सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक हैं. दाएं हाथ का ये ओपनर हाल ही में टी20 में सबसे ज्यादा छक्के मारने वाला कप्तान बना है. मुहम्मद वसीम ने रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ा था. मुहम्मद वसीम पाकिस्तान के बलूचिस्तान में पैदा हुए लेकिन साल 2017 में वो यूएई आ गए. यहां उन्होंने सेल्समैन की नौकरी करते हुए क्लब क्रिकेट खेलना शुरू किया और जल्द ही वो देश के टॉप खिलाड़ियों में शामिल हो गए.

31 साल के इस खिलाड़ी ने यूएई के लिए 80 टी20 मैचों में 38 से ज्यादा की औसत से 2859 रन बनाए हैं. टी20 इंटरनेशनल में वसीम 3 शतक ठोक चुके हैं. उनका स्ट्राइक रेट भी 150 से ज्यादा का है. ये खिलाड़ी टी10 टूर्नामेंट में सिर्फ 12 गेंदों में अर्धशतक लगाने का कमाल कर चुका है. गजब की बात ये है कि मुहम्मद वसीम ने गली में टेप बॉल क्रिकेट खेला है और उसी तकनीक से वो इंटरनेशनल क्रिकेट में भी छक्कों की बारिश करते हैं. अब देखना ये है कि ये खिलाड़ी एशिया कप में क्या करता है. वैसे उनकी फॉर्म इस वक्त कमाल है. वो ट्राई सीरीज में पाकिस्तान के खिलाफ 33 और अफगानिस्तान के खिलाफ 67 रनों की धुआंधार पारी खेल चुके हैं.

# एक सीरीज में सबसे अधिक विकेट लेने वाला भारतीय कौन

**नई दिल्ली.** भारतीय क्रिकेट इतिहास में कुछ रिकॉर्ड ऐसे हैं जो दशकों से कायम हैं. इनमें से एक है टेस्ट सीरीज में सबसे अधिक विकेट लेना. बीएस चंद्रशेखर ने 52 साल पहले इंग्लैंड के खिलाफ यह रिकॉर्ड बनाया था. उन्होंने 1972-73 में खेली गई टेस्ट सीरीज में पांच मैचों में 35 विकेट झटके थे. तब से आज तक कोई भी गेंदबाज यह रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाया है. आइए जानते हैं कि भागवत चंद्रशेखर के इस रिकॉर्ड के आसपास कौन-कौन पहुंचे.भागवत सुब्रमण्यम चंद्रशेखर को उनके साथ प्यार से 'चंद्रा' कहकर बुलाते थे. उनकी सटीक गेंदबाज विपक्षी बल्लेबाजों को हमेशा परेशान करती थी. अनोखा एक्शन चंद्रशेखर की गेंदबाजी को और खतरनाक बना देता था. उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 1972-73 की सीरीज में 19.11 की औसत से 35 विकेट लिए थे. इस दौरान उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/38 था. यह वो दौर था जब भारत की ताकत स्पिनर हुआ करते थे. चंद्रशेखर को उन दिनों बिशन सिंह बेदी, प्रसन्ना और वेंकटराघवन का साथ मिलता था. टेस्ट सीरीज में सबसे अधिक विकेट लेने का वर्ल्ड रिकॉर्ड इंग्लैंड के सिडनी बर्नेस के नाम है.

# एशिया कप से पहले बीसीसीआई का बड़ा दांव

## 400 करोड़ की कमाई का प्लान



**नई दिल्ली.** बीसीसीआई और ड्रीम 11 का करार अब रद्द हो चुका है और दुनिया के सबसे ताकतवर क्रिकेट बोर्ड अब नए स्पॉन्सर की तलाश है. रिपोर्ट्स हैं कि एशिया कप में टीम इंडिया बिना स्पॉन्सर के ही उतर सकती है लेकिन इस बीच बीसीसीआई ने एक बड़ा फैसला लिया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक बीसीसीआई ने टीम इंडिया को स्पॉन्सर करने का बेस प्राइस बढ़ा दिया है. अब जो भी कंपनी टीम इंडिया की स्पॉन्सर होगी उसे हर बाइलेट्रल सीरीज के मैच के लिए 3.5 करोड़ रुपये चुकाने होंगे जबकि आईसीसी और एशिया कप टूर्नामेंट्स में ये रकम 1.5 करोड़ रुपये होगी.

बीसीसीआई और ड्रीम इलेवन का करार 2026 तक था और दोनों के बीच बाइलेट्रल मैच के लिए 3.17 करोड़ और टूर्नामेंट्स के मैचों के लिए 1.12 करोड़ रुपये की डील थी लेकिन अब बीसीसीआई ने दोनों में ही लगभग 30 से 40 लाख रुपये बढ़ा दिए हैं. ये रकम मार्केट रेट्स से ज्यादा बताई जा रही है. बता दें बीसीसीआई इसलिए बाइलेट्रल मैचों के लिए ज्यादा पैसे लेती है क्योंकि इन मुकाबलों में कंपनी का नाम खिलाड़ियों की जर्सी की चेस्ट एरिया में होता है जबकि आईसीसी और एशिया कप जैसे इवेंट्स में आप ऐसा नहीं कर सकते. इस दौरान स्पॉन्सर का नाम खिलाड़ियों की स्लीव्स पर होता है.

बीसीसीआई का ये फैसला उसे 400 करोड़ से ज्यादा की कमाई करा सकता है.

बता दें बीसीसीआई अगले तीन सालों के लिए स्पॉन्सरशिप ढूंढ रहा जिसमें कुल 130 मैच होंगे. इस दौरान टी20 वर्ल्ड कप 2026, वनडे वर्ल्ड कप 2027 भी होने हैं. बोर्ड को इन 130 मैचों से कुल 400 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम मिल सकती है.

बीसीसीआई ने टाइटल स्पॉन्सर की बोली 16 सितंबर को रखी है. मतलब 9 सितंबर से शुरू हो रहे एशिया कप में टीम इंडिया बिना स्पॉन्सर के ही उतरेगी.

बीसीसीआई ने हाल ही में स्पॉन्सरशिप के लिए कंपनियों के आवेदन मांगे थे जिनमें उन्होंने गेमिंग, बैटिंग, क्रिप्टो और तंबाकू कंपनियों पर साफतौर पर बैन लगाया था. इसके अलावा स्पोर्ट्सवियर ब्रांड, इंश्योरेंस, बैंकिंग-फाइनेंस कंपनियां भी स्पॉन्सर बनने के लिए आवेदन नहीं कर सकतीं.

# शिखर धवन को ईडी का समन



**नई दिल्ली.** भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज को प्रवर्तन निदेशालय ने तलब किया है. एक सट्टेबाजी एप के प्रचार से जुड़े मामले में उनसे पूछताछ के लिए बुलाया गया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक ये जांच ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफ़ॉर्म 1क्स बेटसे संबंधित है, जिसका धवन सोशल मीडिया पर प्रचार कर रहे हैं. अब ईडी ने शिखर धवन से इस मामले अपनी भूमिका स्पष्ट करने जांच में शामिल होने के लिए कहा है. हाल ही में टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और हरभजन सिंह से भी ईडी ने पूछताछ की थी. पिछले साल से कई बॉलीवुड और साउथ फिल्म के एक्टर और क्रिकेटर अवैध सट्टेबाजी एप्स का प्रचार करने के आरोप में जांच के घेरे में हैं. इस सूची में विजय देवरकोंडा, राणा दग्गुबाती, प्रकाश राज, हरभजन सिंह, उर्वशी रौतेला और सुरेश रैना शामिल हैं. अब इसमें शिखर धवन का नाम भी जुड़ गया है.हाल ही में ईडी के सामने पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना और हरभजन सिंह ने अपने बयान दर्ज कराए थे.

अब इस मामले में शिखर धवन को भी ईडी ने तलब किया है. इस दौरान ईडी ने आरोप लगाया है कि अगस्त में गिरफ्तार किए गए कर्नाटक के कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र द्वारा संचालित ऑनलाइन सट्टेबाजी साइटों ने बहुत कम समय में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की.

ईडी ने चित्रदुर्ग के विधायक केसी वीरेंद्र को अगस्त में सिक्किम से गिरफ्तार किया था, जहां वो एक कैसिनो को किराए पर लेने के लिए गए थे. वो फिलहाल ईडी की हिरासत में हैं. केंद्र सरकार ने हाल ही में नए कानून के जरिए असली पैसे वाले ऑनलाइन गेमिंग पर प्रतिबंध लगाना दिया है. ईडी अवैध सट्टेबाजी के मामले में लगातार कार्रवाई कर रही है.

**ईडी ने किया बड़ा दावा**

इसमें ये भी दावा किया गया है कि अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी के जरिए लोगों को ठगने के एक मामले में मुख्य आरोपी वीरेंद्र और दुबई में उसके सहयोगी धन जुटाने और अपनी अवैध गतिविधियों को असली ई-कॉमर्स व्यवसायों के रूप में छिपाने के लिए कई प्रकार के गेटवे और फिनटेक सर्विस प्रोवाइडर का उपयोग करके कई गेमिंग वेबसाइट चला रहे थे.

CMYK

